हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 24 नवंबर 2025

12 बीज विक्रय उत्पादन में साथी पोर्टल के पार्ट-2 का उपयोग किया जाए

13 कबड्डी का खेल सभी को सिखाता है अनुशासन और सजगता : जितेंद्र





न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### 5 लाख का गांजा ले जाते आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** रिसामा रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने ओडिशा निवासी एक युवक को ट्रॉली बैग में गांजा लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया है। उसके बैग से 9 किलो 668 ग्राम अवैध गांजा मिला है, जिसकी कीमत करीब पांच लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी के पास से मोबाइल फोन और नकदी भी जब्त की गई।

मामला अंडा थाना क्षेत्र का है। 22 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि टांगरपाड़ा, तोरा, बरगढ़ ओडिशा का रहने वाला शखील बाग नाम का युवक गांजा लेकर दल्लीराजहरा जाने वाली लोकल ट्रेन से रिसामा पहुंचेगा और आगे इसे अंडा इलाके में बेचने की कोशिश करेगा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने स्टेशन के बाहर घेराबंदी कर दी। शाम करीब 6 बजे यात्री प्रतीक्षालय में आरोपी को पकड़ लिया गया। उसके ट्रॉली बैग से दो प्लास्टिक बैगों में भरा कच्चा दानेदार गांजा, एक रियलमी मोबाइल और 1350 रुपए मिले। जांच में पता चला कि आरोपी संबलपुर से ही बैग में गांजा भरकर निकला था। वह पहले दुर्ग जंक्शन उतरा और फिर लोकल ट्रेन से रिसामा पहुंचा।

### प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** पुलगांव पुलिस ने नशीले कफ सिरप की तस्करी करने वाले अजय कुमार यादव उर्फ अज्जू को गिरफ्तार किया है। उसके पास से प्रतिबंधित कफ सिरप की 29 शीशियां बरामद हुईं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय है कि विगत 30 अक्टूबर को पुलिस ने पीसेगांव बांधा तालाब रोड के पास कार्रवाई की थी। उस समय आरोपी संजय तिवारी और वासु चंद्राकर को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 130 शीशियां ट्रिप्रोलिडिन कोडीन सिरप, दो मोबाइल, दो वाहन और तीन हजार रुपए की बिक्री रकम बरामद हुई थी। इन दोनों को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया था। इसके साथ ही पुलिस तीसरे आरोपी अजय यादव की तलाश में लगी थी, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके मोबाइल फोन और फोनपे ट्रांजेक्शन से आरोपी वासु के साथ रकम का लेनदेन भी सामने आया। अजय यादव ने पुलिस को बताया कि प्रतिबंधित सिरप की 29 शीशियां उसने अंजोरा महमरा रोड पर नर्सरी के पास झाड़ियों में छिपाकर रखा है।

**सोशल ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा : जिले में चल रहे मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान से स्कूलों की कलई खुली**

# जिले के 188 सरकारी स्कूल डी ग्रेड, सबसे ज्यादा मिडिल स्कूल



देवीलाल साहू ▶▶|भिलाई

हरिभूमि ब्रेकिंग

छत्तीसगढ़ सरकार सरकारी स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता लाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत स्कूलों की सोशल ऑडिट करवाई। 6, 7 और 8 अक्टूबर 2025 को स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों से अध्यापन संबंधी जानकारी जुटाई गई और मूल्यांकन कर ग्रेडिंग की गई है। दुर्ग जिले में 188 सरकारी स्कूल डी ग्रेड में हैं। यानी इन स्कूलों के बच्चों की शिक्षा बेहद कमजोर है। प्राइमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों की डी ग्रेड में सबसे अधिक 80 मिडिल स्कूलों को डी ग्रेड मिला है।

### दुर्ग ब्लॉक के सबसे ज्यादा 92 स्कूल डी ग्रेड

दुर्ग जिले के 1105 सरकारी स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता परखी गई। शिक्षा गुणवत्ता की सबसे ज्यादा कमजोर स्थिति दुर्ग ब्लॉक की है। रिपोर्ट के मुताबिक दुर्ग ब्लॉक में 439 स्कूल हैं। इनमें से 92 स्कूल डी ग्रेड में हैं। पाटन ब्लॉक में 338 स्कूली बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता जांची गई। यहां 51 स्कूलों के बच्चे डी ग्रेड में हैं। इसी तरह धमधा ब्लॉक के 328 स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता परखी गई और 46 स्कूल डी ग्रेड में आए।

### 1.15 लाख विद्यार्थी हुए थे गुणवत्ता जांच में शामिल

दुर्ग जिले में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की सोशल ऑडिट में 1 लाख 15 हजार 264 विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इस दौरान बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता परखी गई तो उनके पालकों की भी मौजूदगी रही। कुल 9 हजार 150 पालकों की उपस्थिति में सोशल ऑडिट की गई। 4104 शिक्षक भी इस ऑडिट में शामिल रहे। रिपोर्ट के हिसाब से धमधा ब्लॉक में 33 हजार 576, दुर्ग ब्लॉक में 51472 और पाटन ब्लॉक में 30216 विद्यार्थी शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान में सोशल ऑडिट

| ब्लॉक | कुल स्कूल | पालक जो शामिल हुए | विद्यार्थी जो शामिल हुए | शिक्षक संख्या |
|---|---|---|---|---|
| दुर्ग | 439 | 3695 | 51472 | 2022 |
| पाटन | 338 | 2922 | 30216 | 1102 |
| धमधा | 328 | 2533 | 33576 | 980 |
| योग | 1105 | 9150 | 115264 | 4101 |

### 20 स्वामी आत्मानंद स्कूल भी डी ग्रेड की लिस्ट में

जिले में 40 स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों में जब शिक्षा गुणवत्ता जांची गई तो चौंकानें वाली रिपोर्ट सामने आई है। आधे यानी 20 स्वामी आत्मानंद स्कूल डी ग्रेड में हैं। रिपोर्ट के हिसाब से 7 स्वामी आत्मानंद स्कूल हाई व हायर सेकंडरी के हैं जहां बच्चों की शिक्षा कमजोर है। इसमें सेजस अंडा, निकुम, उतई क्रमांक एक, बेल्हारी, बहुद्देश्यीय स्कूल दुर्ग, बोरी और हाउसिंग बोर्ड शामिल हैं। सेजस प्राइमरी में निकुम, जामगांव एम, तीतुरडीह, हाउसिंग बोर्ड, अंजोरा, जेपीनगर कैंप 2 और सेजस मिडिल में जामगांव आर, बोरसी, तितुरडीह, हाउसिंग बोर्ड, कोहका, बहुउदेश्यीय दुर्ग, जेपी नगर कैंप 2 हैं।

### फैक्ट फाइल

**जिले में डी ग्रेड वाले स्कूलों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| प्राइमरी स्कूल | 66 |
| मिडिल स्कूल | 80 |
| हाई स्कूल | 19 |
| हायर सेकंडरी स्कूल | 23 |
| कुल स्कूल | 188 |



### कमजोर बच्चों के लिए बनेगी कार्ययोजना

*मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की सोशल ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर डी ग्रेड वाले स्कूली बच्चों की शिक्षा अपग्रेड करने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उसके बाद फिर से सोशल ऑडिट होगी।* ***विनोद कुमार सिन्हा, जिला मिशन संमवयक, समग्र शिक्षा अभियान दुर्ग जिला***

### डी ग्रेड वाले हाई व हायर सेंकडरी स्कूल

माटरा, भरर, पाहारा, राजपुर, अंडा, खोपली, मोरिद, सेमारी, सेमरिया, निकुम, उतई एक, बठेना, सुपेला ग्रामीण, बेल्हारी, सिपकोना, डूंडेरा, बटंग, तेलीगुंडरा, केसरा, बोरी, रौंदा, तुमाकला, खुरमुड़ी, कान्हारपुरी, पौहा, सुरपा, अचानकपुर, खिलौरकला, मल्टीपरपस दुर्ग, पेंड्री, रसमड़ा, पुलगांव, धमधा, तकियापारा, तकियापारा, निपानी, गुजरा, हाउसिंग बोर्ड, टेमरी, नवांगांव, देवरी।

### डी ग्रेड मिडिल स्कूल

सेमरिया, डूमर, सुरडुंग, हाउसिंग बोर्ड, वृदांनगर, कैंप वन, कुरूद, आदर्श कन्या दुर्ग, तितुरडीह, रसमड़ा, तिरगा, पुरई, कोड़िया, कातरो, परसदा, पाहंदा, उरला, सेमारी, खुरमुड़ी, मोहरेंगा, धमधा, कैंप दो, बालाजीनगर, न्यू खुर्सीपार,बघेरा, मतवारी, जामगांव, गर्ल्स पाटन, बिरझापुर, पुलगांव दुर्ग, अंडा, पाउवारा, सेक्टर 6, मरोदा टैंक , जामगांव, सिपकोना, जामगांव आर, बरहापुर, पेड्रावन, बोरसी, अंजोरा, धनोरा, रिसाली, देवड़ा, कपसदा, तितुरडीह, ढ़ौर, सेक्टर 11 खुर्सीपार, गर्ल्स वैशालीनगर, बिरेझर, चंदखुरी, अमलेश्वर, सांकरा, महकाकला, बालक सेलूद, गुजरा, जेपी नगर कैंप दो, रामनगर मुक्तिधाम, थनौद सहित 80 स्कूल हैं।

### डी ग्रेड प्राइमरी स्कूल

बालाजीनगर, वैशालीनगर, बोरसी, तिरगा, पुलगांव, राजपुर, दारगांव, नारधा, बोरी, माटरा, देवरी, रौंदा, तुमाकला, जेपीनगर कैंप 2, तिलक गर्ल्स दुर्ग, निकुम, सिकोलाभाठा, चंदखुरी, रिसाली, केसरा, सुरपा, रानीतराई, नंदिनी, अहिवारा, पंचशीलनगर दुर्ग, उरला, रसमड़ा, नवीन कुथरेल, खोपली, परसदा, करेली, धमधा, कान्हापुरी, अमलेश्वर, गब्दी, जामगांव आर, नंदिनी, बघेरा, रूआबांधा, सुरडुंग, रानीतराई, जमराव, खम्हरिया, लिटिया, तितुरडीह, बहुउद्देश्यीय, हाउसिंग बोर्ड, उतई क्रमांक दो, अंजोरा, तेलीगुंडरा सहित 66 स्कूल हैं।

# भिलाई में एसीबी-ईओडब्ल्यू की छापेमारी, पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन के घर दी दबिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

डीएमएफ और आबकारी घोटाले की जांच में एसीबी और ईओडब्ल्यू की संयुक्त टीमों ने रविवार तड़के छत्तीसगढ़ के कई जिलों में छापेमारी की। इसी कार्रवाई के तहत भिलाई के नेहरू नगर स्थित पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास के घर भी दबिश दी गई।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 6 बजे अधिकारियों की टीम ब्लाक-ए, प्लाट-6 नेहरू नगर ईस्ट निरंजन दास के निवास पहुंची और पूरे परिसर को घेरकर जांच शुरू कर दी। मेट गेट बंद कर दिया गया था। बाहर पुलिस की तैनाती की गई ताकि जांच के दौरान कोई भी अंदर या बाहर न जा सके। टीम ने निरंजन दास के घर और संबंधित ठिकानों से दस्तावेजों की जांच की।

छापेमारी डीएमएफ और आबकारी घोटाले से जुड़े लेनदेन, संभावित अनियमितताओं और संबंधित फाइलों की पड़ताल को लेकर बताई जाती है। छापेमारी के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़, लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई है। एसीबी-ईओडब्ल्यू की यह कार्रवाई राज्य में चल रही व्यापक जांच का हिस्सा है, जिसमें कई जिलों में एक साथ छापे मारे गए।

### कौन है पूर्व आईएएस निरंजन दास?

निरंजन दास छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी थे। वह इस मामले में गिरफ्तार होने वाले दूसरे पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। यह घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ, जब छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी। ईओडब्ल्यू ने बीते 18 सितंबर को 2,500 करोड़ के शराब घोटाले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी निरंजन दास को गिरफ्तार किया था। राज्य आबकारी विभाग के तत्कालीन आयुक्त निरंजन को घोटाले को संचालित करने और सिंडिकेट की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। निरंजन दास को 19 सितम्बर को अदालत में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार निरंजन दास को सरकारी शराब की दुकानों में बेहिसाब शराब की बिक्री, अधिकारियों के तबादले, टेंडर प्रक्रिया में हेराफेरी, दोषपूर्ण शराब नीति लाने में सहयोग और सिंडिकेट को अन्य तरीकों से लाभ पहुंचाने के एवज में कई करोड़ रुपये का अनुचित लाभ का आरोपी बनाया गया था।

**साहू समाज की एक महिला का धर्मांतरण कराने की हो रही थी कोशिश**

# धर्मांतरण को लेकर जमकर बवाल, तीन के खिलाफ मामला दर्ज, न्यायालय ने आरोपियों को भेजा जेल

**बजरंग दल, साहू समाज और भीम आर्मी के सदस्यों ने की जमकर नारेबाजी**




हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नेवई थाना क्षेत्र में रविवार सुबह विशेष धर्म के अनुयायियों पर धर्मांतरण कराने का आरोप लगा। इसके बाद उस मुद्दे को लेकर हिंदूवादी समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते नेवई पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पास्टर सहित तीन के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मामला नेवई थाना अंतर्गत सूर्य नगर का है। यहां एक घर में सामूहिक प्रार्थना चल रही थी। आरोप है कि इस सभा में कुछ समुदाय के लोग एक साहू समाज की महिला का धर्मांतरण कराने की कोशिश कर रहे थे। जैसे ही इसकी जानकारी लोगों को हुई उन्होंने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते वहां बजरंग दल और साहू समाज के लोग पहुंचे और मनोज कुमार साहू के घर के बाहर हंगामा शुरू कर दिए। इस बीच भीम आर्मी के सदस्य भी पहुंच गए। मामला बढ़ता देख सीएसपी भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी नेवई पुलिस बल के साथ पहुंचे।

पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को अलग करते हुए समझाइश देकर शांत कराया गया। इस मामले में भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि पास्टर मालती साहू, उनके पति मनोज साहू और सहायक रविशंकर चंदेल के खिलाफ अपराराध दर्ज किया गया है। उनसे पूछताछ जारी है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। इलाके में एहतियातन पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता- ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्ते लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप



### रक्तदान शिविर एवं दिवाली मिलन मनाया

**दुर्ग।** लोक संस्कृति सेवा भजन फाग एवं जस झांकी संघ जिला दुर्ग के तत्वावधान में गोवर्धन चौक उरला में रक्तदान शिविर एवं दिवाली मिलन समारोह आयोजित गया। जिसमें लगभग 30 लोगों ने रक्तदान किया । संघ की ओर से सभी को रक्तदान वीर से सम्मानित व प्रशस्ति पत्र दिया गया। आगामी आयोजन के बारे में चर्चा की गई। साथ ही दुर्ग जिले के 150 मंडली के आयोजन समिति एवं प्रतिभागी मंडली द्वारा दिवाली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में उरला वार्ड 56 के पार्षद उपस्थित थे। कार्यक्रम में रचनाकार पुरन साहू, ग्वाल निषाद, धनराज निर्मलकार, यशपाल यादव, चेतन यादव , महेश बर्मन, रत्नू चौधरी, मंगल वर्मा, लोकनाथ, देवा देशमुख, संघ के अध्यक्ष पवन यादव सचिव दुर्वासा मेश्राम, हेमंत चौहान, जयदेव यादव , संजय यादव, एवन साहू, राजा एवं संघ के सदस्य उपस्थि थे यह जानकारी संघ के कोषाध्यक्ष अविनाश सपहा ने दी।

### 15 दिसंबर तक डेटा अपडेट करने के निर्देश

**दुर्ग।** संचालनालय कोष एवं लेखा. द्वारा जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को कार्मिक सम्पदा मॉड्यूल में शासकीय सेवकों का समस्त डेटा शत-प्रतिशत अद्यतन करने तथा ई-केवायसी कार्य पूर्ण करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। वर्तमान में ई-पेरोल और कार्मिक सम्पदा मॉड्यूल में प्रविष्टियों में अंतर पाया जा रहा है। ई-पेरोल में वेतन देयक तैयार करने के लिए अलग से जानकारी भरनी पड़ती है, जिससे दोनों मॉड्यूल में भिन्नता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस समस्या को दूर करने तथा दोनों मॉड्यूल में एकरूपता स्थापित करने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। माह दिसंबर 2025 के वेतन देयकों का निर्माण केवल कार्मिक सम्पदा मॉड्यूल में अद्यतन की गई प्रविष्टियों के आधार पर ही किया जाएगा। ई-पेरोल में नाम, पदनाम, मूल वेतन, श्रेणी आदि सभी जानकारियां सीधे कार्मिक सम्पदा से ली जाएंगी। आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने कार्यालय के सभी शासकीय सेवकों का कार्मिक सम्पदा डेटा 15 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से अद्यतन कर दें। यदि प्रविष्टियाँ पूर्ण नहीं की गईं, तो दिसंबर माह का वेतन देयक तैयार करने में गंभीर कठिनाइयां आ सकती हैं, क्योंकि इस माह के वेतन देयक केवल कार्मिक सम्पदा मॉड्यूल पर आधारित रहेंगे। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जिला कोषालय अधिकारी ने समय सीमा के भीतर इसे पूर्ण करने कहा गया है।

### संविदा भर्ती सूची जारी

**दुर्ग।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान हेतु जिला समन्वयक आर.जी.एस.ए. के संविदा रिक्त एक पद की भर्ती हेतु अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जिला पंचायत के सीईओ बीके दुबे से मिली जानकारी अनुसार सूची का अवलोकन दुर्ग जिले की वेबसाईट पर की जा सकती है।

# वैशाली नगर विधानसभा में हुआ आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम

## जितेंद्र वर्मा और विधायक रिकेश सेन ने दिए आत्मनिर्भर भारत के संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का आयोजन सुपेला मंडल के होटल सेंट्रल पार्क में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत फूलमालाओं से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा मौजूद रहे। विशेष अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। संयोजक विजय जायसवाल ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी, जबकि संचालन जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल और सुषमा जेठानी ने संभाला।

### स्थानीय उत्पादों को दें प्राथमिकता : देवांगन

जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि कोविड के समय दुनिया वैक्सीन के लिए इंतजार कर रही थी, जबकि भारत ने खुद का वैक्सीन बनाकर मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग, कारीगर और दुकानदार महामारी में सबसे ज्यादा प्रभावित हुए, इसलिए जरूरी है कि स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दी जाए और लोकल फॉर वोकल को मजबूत किया जाए। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी सुभाष शर्मा और सह-प्रभारी सूरज जायसवाल ने दी।





### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, महामंत्री मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, जिला उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, नटवर ताम्रकार, चन्ना केशवलु, गोपाल कृष्ण वर्मा, चंद्रकांता मांडले, पूनम शुक्ला, जिलामंत्री विनोद सिंह, मनोज तिवारी, कुबेर शर्मा, पारस जंघेल, रश्मि सिंह, भारती साहू, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

मुख्य वक्ता जितेंद्र वर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का विचार हमारी पुरानी ज्ञान परंपरा में है। देश ने तकनीक, रक्षा, स्टार्टअप और वैक्सीन निर्माण में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक अग्रणी राष्ट्र के रूप में खड़ा होगा। वर्मा ने कार्यकर्ताओं से अभियान को घर-घर तक पहुंचाने की अपील की। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत देश के भविष्य का रास्ता तय करता है. लोकल फॉर वोकल सिर्फ नारा नहीं, बल्कि स्थानीय उत्पादों को पहचानने और अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कोविड काल का उदाहरण देते हुए कहा कि कई देशों में वैक्सीन की कमी थी, तब भारत ने अपनी स्वदेशी वैक्सीन से दुनिया की मदद की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता की शुरुआत स्थानीय उत्पादों के इस्तेमाल से होती है।

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की कलेक्टर ने ली बैठक

# कोई अवैध नागरिक न जुड़े, भारत के वैध नागरिक न छूटे, मतदाता सूची हो शुद्ध

## एसआईआर को लेकर सभी प्रमुख दल के प्रतिनिधि हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता 1 जनवरी 2026 के संबंध में जिला कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक हुई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराने का मुख्य उद्देश्य है कि कोई अवैध नागरिक न जुड़े एवं भारत के वैध नागरिक न छुटे, जिससे मतदाता सूची शुद्ध हो।

एसआईआर के तहत मृत एवं अन्यत्र निवासरत व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से हटाया जाएगा तथा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 की स्थिति में नए मतदाताओं का नाम फार्म-6 भरकर दर्ज करने की कार्यवाही की जा सके एवं मतदाता सूची में त्रुटि सुधार हेतु फार्म-8 का उपयोग कर, मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सकेगा। वर्तमान में राज्य में संपन्न कराए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण में जिले अंतर्गत मतदाता केन्द्रों के लिए बूथ लेवल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका, दायित्व निभाया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक उपलब्ध कराई गई है एवं उनसे गणना पत्रक भरवाकर प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु जिले में राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की गई है। विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष प्रचार-प्रसार करने एवं बीएलओ का सहयोग करने के लिए कहा गया है। जिले के मतदाताओं से भी कहा गया है कि इस कार्यक्रम के लिए अपनी सहभागिता प्रदान करें।



### फोटो चिपकाना अनिवार्य नहीं

बैठक का मूल उद्देश्य सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को गणना पत्रक के साथ फोटो चस्पा करना अनिवार्य नहीं होने से अवगत कराना था, जहां मतदाताओं को लगता है कि फोटो अस्पष्ट अथवा धुंधली है, पुरानी हो चुकी है, वहां मतदाता अपनी नवीनतम फोटो चस्पा कर बीएलओ को अवगत करा देवें। साथ ही फोटो न उपलब्ध हो तो बीएलओ एप में भी फोटो कैप्चर का प्रावधान दिया गया है, उसका उपयोग बीएलओ द्वारा किया जा सकता है। सभी बीएलओ के पास समुचित संख्या में फार्म-6 उपलब्ध, जो मतदाता द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराया जाना है।

### 2003 की मतदाता सूची वेबसाइट पर उपलब्ध

गणना पत्रक भरने के लिए छत्तीसगढ़ में निवासरत मतदाताओं के वर्ष 2003 की मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर की वेबसाईट **ceochhattisgarh.nic.in** में उपलब्ध है। आप, अपने नाम एवं पिता के नाम से 2003 की मतदाता सूची में मतदाता का विवरण सर्च कर सकते हैं। जो मतदाता 2003 में छत्तीसगढ़ में निवासरत नहीं थे और जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है ऐसे मतदाता सूची में दर्ज नहीं है ऐसे मतदाता जिस राज्य में निवासरत थे, उस राज्य की 2003 की मतदाता सूची में अपना नाम सर्च करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट **http://voters.eci.gov.in** लिंक के माध्यम से अपना नाम सर्च कर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक व नाम, भाग संख्या एवं मतदाता सरल क्रमांक सर्च कर सकते हैं।

### स्थानांरित हो चुके मतदाताओं को भी फार्म भरना जरूरी

नये बूथ अथवा विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं को भी फार्म-6 भरने की आवश्यकता पड़ेगी। ऐसे मतदाता जिनका निवास स्थान परिवर्तन हो चुका है एवं वर्तमान में अपना एसआईआर गणना पत्रक भरने से वंचित हो चुके है, वे भी फार्म-6 भरकर अपना नाम नये बूथ, विधानसभा क्षेत्र जुड़वा सकते है। सभी बीएलओ को मतदाताओं के घर-घर जाकर ही गणना पत्रक बांटने एवं जमा करने के निर्देश है। बीएलओ अपने बूथ क्षेत्र में मतदाताओं की सुविधा के लिए यदि कहीं बैठ रहे हो तो वह स्थान तटस्थ स्थान होना चाहिए। किसी भी प्रकार के राजनैतिक दलों से संबद्ध नहीं होना

# बीज विक्रय उत्पादन में साथी पोर्टल के पार्ट-2 का उपयोग



- बीज प्रक्रिया केंद्र का किया रुआबांधा का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छग राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था रायपुर के प्रबंधक संचालक राजेश राठौर ने आज बीज प्रक्रिया केन्द्र रुआबांधाका भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने खरीफ वर्ष 2025 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला किसानों द्वारा जिले में चलाए गए बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत उत्पादित बीज का शत प्रतिशत उपार्जन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप उत्पादन अनुदान की राशि का सदुपयोग हो सके।

प्रबंधक संचालक श्री राठौर ने कहा प्रक्रिया केन्द्र की सभी ग्रेडर मशीन का तत्काल संधारण कर समय पर ग्रेडिंग प्रारंभ करें ताकि कृषकों को धान खरीदी अवधि में ही अंडरसाइज वापस किया जा सके। रबी में बीज उत्पादन कार्यक्रम के समय कृषकों को एग्रीस्टेक आईडी अनिवार्य दस्तावेज के रूप में प्राप्त करें। उन्होंने कहा यह ध्यान रखें कि दलहन का 10 वर्ष से अवधि कम अवधि तथा तिलहन का 5 वर्ष से कम की अवधि वाले किस्मों को बढ़ावा दिया जाए। रबी में लगभग 80 किस्मों का नई किस्मों में प्रतिस्थापन सुनिश्चित हो। बीज विक्रय उत्पादन कार्यक्रम में साथी पोर्टल के पार्ट-2 का उपयोग किया जाए। इस अवसर पर गोपिका गबेल, संयुक्त संचालक कृषि दुर्ग संभाग द्वारा प्रक्रिया केन्द्र में विधिवत पूजा अर्चना कर धान के उपार्जन का शुभारंभ किया गया तथा संदीप भोई उप संचालक कृषि द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी स्थिति में निर्धारित नमी से अधिक नमी वाले बीज का उपार्जन न हो क्योंकि ऐसी स्थिति में भविष्य में गोदामों में उपलब्ध अन्य बीज में भी कीट व्याधि की समस्या आएगी। पैकिंग व्यवस्था समय पर होने से जिले के कृषकों को आसानी से बोनी पूर्व बीज उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस दौरान एसके बेहरा बीज प्रबंधक रामेश्वरी नेताम उप बीज प्रमाणीकरण अधिकारी एवं बीज निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

# गंजपारा में मेन पाइप लाइन में हुआ लीकेज बघेरा पानी टंकी क्षेत्र में जलापूर्ति रहेगी बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र के जीई रोड स्थित गंजपारा चौक के पास मुख्य पेयजल आपूर्ति की बड़ी पाइप लाइन में लिकेज हो गया है। इस

- बड़ी पाइप लाइन में लिकेज सड़क पर बह रहा पानी

लिकेज के कारण लगातार पानी सड़क पर बहता जा रहा है जिससे आसपास के क्षेत्र में आवागमन में भी बाधा हो रही है। निगम जल विभाग द्वारा बताया गया है कि इस क्षतिग्रस्त पाइप लाइन से फिल्टर प्लांट तक पहुंचने वाले रॉ-वॉटर की मात्रा में कमी आ रही है, जिसके कारण जल प्रदाय प्रणाली पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने अपील की है कि वे पूर्व में ही पर्याप्त मात्रा में पानी का संग्रह कर लें और किसी भी अनावश्यक कार्य हेतु जल उपयोग से बचें। प्रभावित क्षेत्रों में मांग अनुसार टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराई जाएगी

### आज होगा रिपेयर कार्य

24 नवंबर सोमवार को सुबह की वाटर सप्लाई के बाद पाइप लाइन रिपेयर कार्य किया जाएगा। इस दौरान कार्य सुरक्षित व तेजी से पूरा करने के लिए संबंधित टंकियों से जारी सप्लाई रोक दी जाएगी या कम दबाव से दी जाएगी। इससे कई क्षेत्रों में पीने के पानी की उपलब्धता प्रभावित रहेगी। इससे 42 एमएलडी से संचालित बघेरा पानी टंकी के अंतर्गत आने वाले सभी मोहल्ले, कॉलोनियाँ एवं वार्डों में सोमवार को कम दबाव या अस्थायी रूप से जलापूर्ति बंद रह सकती है।

### 25 नवंबर से सामान्य होगी जलापूर्ति

निगम अधिकारियों के अनुसार मरम्मत कार्य पूर्ण होते ही 25 नवंबर मंगलवार से जलापूर्ति फिर सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी। निगम का दावा है कि लिकेज की समस्या स्थायी रूप से समाधान कर उपभोक्ताओं को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। केवल आवश्यक उपयोग के लिए पानी का भंडारण करें।

# किसान दिवस का आयोजन, दी खेती-किसानी की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत किसान सम्मान समारोह का आयोजन कर वाराणसी उत्तर प्रदेश से 21वीं किश्त की राशि प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई। इस

- दलहन-तिलहन के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पूरे देश में किया गया, जिले में कार्यक्रम का आयोजन जिला, विकासखण्ड, सहकारी समिति एवं ग्राम पंचायत पर किया गया।

जिले में मुख्य कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा एवं पाहंदा अ में किया गया। उक्त कार्यक्रम में पीएम किसान दिवस के रूप में प्रधानमंत्री के उद्बोधन का प्रसारण



वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा में मुख्य अतिथि संगीता साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अंजोरा ख डॉ. आरआरबी सिंह कुलपति, दाऊ वासुदेव कामधेनू विश्वविद्यालय, डॉ संजय साक्य निदेशक विस्तार सेवाएं दाऊ वासूदेव कामधेनू विश्वविद्यालयए, संदीप कुमार भोई उप संचालक कृषि, डॉ विकास खुंटे प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सुचित्रा दरबारी, सहायक संचालक कृषि वैज्ञानिकगण, कृषि विभाग के अधिकारीगण एवं कृषकगण उपस्थित हुए।

उक्त कार्यक्रम में समस्त जनों ने प्रधानमंत्री के किसानों के नाम संदेश को ध्यानपूर्वक सुना एवं इस कार्यक्रम के तहत डीबीटी के माध्यम से 2000 रूपए की 21वीं किश्त जारी करने की प्रक्रिया को देखा। इसके तहत जिले के 78859 कृषकों को 21वीं किश्त की राशि रु 15.77 करोड़ जारी की गई। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा किसानों से सीधा संवाद कर खेती किसानी से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा धान के साथ अन्य फसलों को भी लगाने तथा खाद्यान्न के साथ दलहन-तिलहन इत्यादि क्षेत्र में भी देश को आत्मनिर्भर बनाने की अपील की गई। साथ ही किसानों को जैविक खेती, बीजोपचार, पोषक तत्व प्रबंधन तथा डीएपी के वैकल्पिक उर्वरक नैनो डीएपी इत्यादि के लिए मार्गदर्शन किया गया है।

## बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को गति देने संभाग स्तरीय कार्यशाला

# बाल विवाह रोकने संभागायुक्त ने अधिकारियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य

- बाल विवाह रोकथाम के लिए विभागीय समन्वय पर जोर

से महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रेरणा सभाकक्ष में संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संभागायुक्त एसएन राठौर और महापौर अलका बाघमार शामिल हुए।



कार्यशाला में दुर्ग संभाग के छह जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत और श्रम विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान संभागायुक्त श्री राठौर ने जिलों से आए अधिकारियों से बाल विवाह की स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि जिलों में बाल विवाह के मामलों की संख्या शून्य है। इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री राठौर ने कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है बल्कि एक गंभीर सामाजिक समस्या भी है। उन्होंने यह भी बताया कि कम उम्र में विवाह होने से बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा जैसे मूलभूत अधिकार प्रभावित होते हैं। साथ ही कुपोषण और घरेलू हिंसा जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह की सूचना देने के प्रावधानों का उल्लेख किया और कहा कि यदि पंचायत एवं ग्रामीण स्तर पर सभी विभाग सजग रहें, तो बाल विवाह को पूरी तरह रोका जा सकता है। इस दौरान उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों और प्रतिनिधियों को बाल विवाह के विरुद्ध हर संभव प्रयास करने तथा परिवार, पड़ोस और समुदाय में

### जागरुकता बढ़ाने पर जोर

महापौर अलका बाघमार ने भी जनभागीदारी की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही बाल विवाह को रोकने में सफलता मिल सकती है। उन्होंने सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित करने और नोनी सुरक्षा योजना व सुकन्या योजना को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता बताई। इस दौरान अधिकारियों से बाल विवाह उन्मूलन के लिए जागरूकता बढ़ाने, समुदाय से सहभागिता सुनिश्चित करने और विभिन्न विभागीय योजनाओं के समन्वित क्रियान्वयन पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आरके जाम्बुलकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय साहू सहित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# संभाग आयुक्त ने धान उपार्जन केन्द्र अण्डा और कुथरेल का निरीक्षण किया



**दुर्ग।** दुर्ग संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने धान उपार्जन केन्द्र अण्डा और कुथरेल का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां अब तक की धान खरीदी केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं, बारदाने, धान की नमी, स्टेग आदि की जानकारी ली और मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। संभाग आयुक्त श्री राठौर उपार्जन केन्द्र में धान बेचने पहुंचे किसानों से रू-ब-रू चर्चा कर धान की पैदावारी और खरीदी हेतु सरकार की व्यवस्था की जानकारी ली। कृषकों ने बताया कि सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल समाप्ति पश्चात केन्द्रों में मौजूदगी और कार्य सम्हालने से धान खरीदी कार्य में तेजी आई है। उन्होंने सरकार की पारदर्शी व्यवस्था की सराहना की। इस अवसर पर एसडीएम शहरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु और कृषकगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### ग्राम अंजोरा में गायत्री महायज्ञ 17 दिसंबर से

**अंडा।** ग्राम अंजोरा में 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ 17 दिसंबर से 20 दिसंबर तक होगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता अपेक्षित है। जन-जन तक इस पावन आयोजन का संदेश पहुँचाने हेतु गायत्री परिवार के समर्पित कार्यकर्ता दिनभर विभिन्न मोहल्लों, गांवों और पंचायतों में सक्रिय जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। कार्यकर्ता सिर्फ आमंत्रण ही नहीं दे रहे, बल्कि दीप महायज्ञ, जागरूकता कार्यक्रम और आध्यात्मिक संदेशों के माध्यम से गांव में सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण भी निर्मित कर रहे हैं। महायज्ञ को सफल बनाने के उद्देश्य से टीमें स्थानीय नागरिकों, विभिन्न सामाजिक वर्गों, जनप्रतिनिधियों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट कर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई।

## तहसील साहू संघ पदाधिकारियों ने ली शपथ

# समाज के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारी अपने पद की गरिमा बनाए रखें : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

### सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान



अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक डॉ दया राम साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड दीपक साहू, दिव्या साहू और वरिष्ठ सामजसेवी राजेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ कर्मा की आरती कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री मंत्री ताम्रध्वज साहू ने तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के शपथ ग्रहण में मुख्य रूप से उपस्थित दी। ग्राम कोनारी कमला भवन में सभी अतिथियों ने समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों नवनिर्वाचित तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष पुसऊ राम साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मी साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, संघठन सचिव सुमरन साहू, संगठन सचिव महिला द्रोपती साहू साथ मनोनीत पदाधिकारी गण महासचिव उमाशंकर साहू और द्वारिका साहू को शपथ दिलाई।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ अध्यक्ष नंद कुमार साहू ने की। विशेष

इस मौके पर पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि समाज से ही प्रेरणा मिलती हैं, समाज की आदर्श जीवन स्थापित करने में मुख्य भूमिका रहती है, समाज हमेशा ही साहस और विश्वास देता हैं। हमारा साहू समाज हमेशा ही अनुकरणीय रहा हैं। आप सभी सामाजिक समरसता बनाए रखें। पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने सभी पदाधिकारियों को बेहतर समाज निर्माण के लिए अपना विशेष योगदान देने शुभकामनाएं दी। तथा नशा मुक्त समाज निर्माण के लिए जागरूक होने, नशा से दूर रहने की सलाह दिया। स्वागत भाषण प्रीतम साहू ने दी। कार्यक्रम आभार जागेश्वर साहू ने किया। मंच संचालन द्रोपती साहू ने किया। इस अवसर पर तहसील, सभी परिक्षेत्र पदाधिकारी गण एवं ग्रामीण अध्यक्ष गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### आईआईआईटी में देखी आधुनिक टेक्नोलॉजी



**कुम्हारी।** विचक्षण जैन विद्यापीठ कुम्हारी अपने छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहता है। इसी मिशन में एक नया आयाम जोड़ते हुए, विद्यापीठ के विज्ञान के छात्रों ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी), नया रायपुर की शैक्षिक यात्रा करके अमूल्य अनुभव प्राप्त किया। इस यात्रा के दौरान, छात्रों ने एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थान के कामकाज को देखा तथा डीन एवं अन्य प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की, जिन्होंने उन्हें सार्थक मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि प्रदान की। विचक्षण विद्यापीठ ने अपने आईआईआईटी के निदेशक, डॉ. ओ. पी. व्यास का हृदय से आभार व्यक्त कर कहा कि, इनके व्यक्तिगत रुचि और समर्थन ने इस दृष्टि को साकार किया। इतने प्रतिष्ठित पद पर होते हुए भी उनका विनम्र और सहकारी स्वभाव वास्तव में समाज के लिए प्रेरणा है।

### मुक्तिधाम में वृक्षारोपण एवं श्रमदान

**उतई।** सरपंच संघ अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान युगल किशोर साहू ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों द्वारा श्रमदान कर मुक्तिधाम तालाब में वृक्षारोपण किया। इस दौरान बादाम,नीम, कदम, करण, गुलमोहर, आम, मोरसिरी, कचनार के 75 छायादार पौधे रोपित किये गए।जन्मदिन के अवसर पर मुक्तिधाम जैसे जगह का चयन करने को लेकर सरपंच ने कहा कि हम सबको अपने -अपने जीवन की विभिन्न यात्रओं के पश्चात इसी मुक्तिधाम में अंतिम यात्रा पर आना है और हमारे इस गांव के मिट्टी में समाना है इस जगह के वातावरण शुद्ध,शांतिमय, सौन्दर्यकृत और सुकून देने वाला बनाना हमारा नैतिक दायित्व है।इस अवसर पर सचिव धारेन कुमार देवांगन, उपसरपंच दुष्यंत कुमार साहू,पंचगण गणपत साहू,मंशाराम साहू,असलम खान,महमूद खान, लोकेश साहू,भारती यादव,आशा पटेल,कौशिल्या साहू,कलिंदरी देवांगन,शैल देवांगन, उत्तरा गोस्वामी, दुर्पत निषाद,चितेश्वरी साहू,गायत्री साहू,सीता निषाद,चनद्रिका देवांगन, नरेश यदु,ग्रामीण उपाध्यक्ष बलराम निर्मलकर, ग्रामीण कोषाध्यक्ष मंतराम यादव,शिक्षक अनिल कुमार साहू, वरिष्ठ नोहर सिंह साहू, रणमत साहू, थानसिंग साहू, राजेश कुमार देवांगन, शिव कुमार साहू,तोरण लाल साहू,जसलोक साहू,शाला विकास समिति अध्यक्ष नवाब खान,सोसाइटी अध्यक्ष फलेंद्र सिंह बैस,महाविद्यालय अध्यक्ष प्रवीण यदु,विधायक प्रतिनिधि ललित देवांगन,धनऊ ठाकुर, बिसनाथ साहू, शैल साहू, महेंद्र पटेल, चेतन सेन, डुमेश साहू, रिखी पटेल आदि ग्रामीणों ने बधाई व श्रमदान में सहयोगिता प्रदान किये।

### लोक नृत्य प्रतियोगिता में कोड़िया स्कूल तृतीय



**अंडा।** जनसंख्या शिक्षा के अन्तर्गत एन सी ईआर टी नई दिल्ली एवं एस सी ई आर टी छत्तीसगढ़ रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय लोकनृत्य एवं रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में किया गया। जिसमें लोक नृत्य प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने विद्यार्थियों में तोषी साहू, तीमा ठाकुर, लेखनी निषाद, आरुषि साहू, त्रिवेणी और लुकेश्वरी निषाद को नृत्य का प्रशिक्षण व्याख्याता डॉ सरोज साहू ने दिया। दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए विद्यार्थियों ने आकर्षक वेशभूषा में शानदार लोकनृत्य की प्रस्तुति ''स्वस्थ जीवनशैली का संवर्धन'' थीम पर प्रस्तुत किया। एस सी ईआर टी छत्तीसगढ़ रायपुर के संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने शाला को सम्मानित किया। शाला प्राचार्य नीलमणि उजवने ने मार्गदर्शन दिया। व्याख्याता भवानी सिंह देशमुख, शीला चंद्रा, डॉक्टर रूपमती साहू, प्रीतम देवांगन, दानेश्वरी सिन्हा, वेदिका साहू, रीना पिलोदिया, हर्षा महलवार, प्रीति सलाम, समीर भेलवा, वीरेंद्र गजपाल, टी एन साहू और सुनील दड़सेना ने बधाई दी है।

### पीएससी में देवादा के अमन ने बिखेरी चमक



**सेलूद।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की ऐतिहासिक धरती ग्राम देवादा के प्रतिभाशाली युवक अमन वर्मा ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में 35वीं रैंक हासिल कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। कृषक परिवार से आने वाले अमन ने यह उपलब्धि अपने तीसरे प्रयास में प्राप्त की है। उनके पिता रूपनारायण वर्मा किसान हैं, जबकि माता रेखा वर्मा गृहिणी हैं। अमन का बचपन और स्कूली शिक्षा पूरी तरह गांव की मिट्टी से जुड़ी रही है। उन्होंने कक्षा 12 तक की पढ़ाई देवादा के ही शासकीय विद्यालय में पूरी की। ग्रामीण परिवेश, सीमित संसाधन और चुनौतियों के बावजूद अमन ने अपने लक्ष्य को कभी नहीं छोड़ा। अमन की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से गांव में हर्ष का माहौल है। सफलता की जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत देवादा की सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा, उप सरपंच सोहन साहू, फुण्डा सोसायटी अध्यक्ष नीलेश्वर वर्मा सहित समस्त पंचगण उनके निवास पहुंचे। सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने कहा कि अमन वर्मा ने कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद तीसरे प्रयास में यह बड़ा मुकाम हासिल किया है।

## निधन



### दीपिका राउत

**दुर्ग।** मठपारा दुर्ग निवासी दीपिका राउत कांग्रेस नेत्री का आकस्मिक निधन 23 नवंबर को हो गया। उनका अन्तिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे मनोज राऊत की पत्नी, परेश राऊत, दक्ष राऊत के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।



### सुनंदा गलान्डे

**भिलाई।** बजरंग नगर कोहका निवासी सुनंदा गलान्डे (81) पति स्व.सुधाकर गलान्डे का निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में रविवार को किया गया। वे मिलिंद, नितिन गलान्डे की मां और हर्ष, निधी व हर्षदा गलान्डे की दादी थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# कबड्डी का खेल सभी को सिखाता है अनुशासन और सजगता : जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



यंग स्टार क्लब निपानी एवं ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन निपानी में किया गया। मुख्य अतिथि जितेन्द्र वर्मा भाजपा प्रदेश मंत्री थे।

अध्यक्षता कल्पना नारद साहू ने की। विशिष्ट अतिथि कमलेश साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा ,लालेश्वर साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष, रवि सिन्हा सभापति जनपद पंचायत पाटन, तहसील साहू समाज कोषाध्यक्ष नारद साहू बेनीराम साहू अध्यक्ष सेवा सह.समिति निपानी, निर्मल जैन महामंत्री, धनराज साहू,राजेश ठाकुर सरपंच, श्रीकांत चंद्राकर महामंत्री भाजयुमो, मुकेश ठाकुर, कुंजबिहारी सिन्हा, टेकेंद्र सिन्हा मंचासिन रहे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने कहा कि कबड्डी का खेल किसी भी खिलाड़ी को खेल भावना से खेलना सिखाता है। मैदान में हम कट्टर प्रतिद्वंदी होते है और मैदान से बाहर आते घनिष्ठ मित्र बन जाते है। कबड्डी खेल के इस रहस्य को जो समझ जाते है उनको जीवन के सफर में आनंद आता है। श्री वर्मा ने कहा कि कबड्डी का खेल अनुशासन के साथ पल पल सजगता भी सिखाता है जो सार्थक एवं सफल जीवन के लिए अत्यावश्यक है।

जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि जीवन एक खेल है और खेल को खिलाड़ी भावना से खेलने वाले उलझते नहीं है। जनपद सभापति रवि सिन्हा ने कहा कि कबड्डी का खेल एक दूसरे को प्रेरित करता है। आयोजन में नारद साहू, भरत निर्मलकर, कन्हैया पाण्डेय, जगेंद्र सिन्हा, केशव बंछोर, गुलशन सोनी, नरेश सिन्हा, सालिक रघुवंशी, नरेश नट, दिलीप सिन्हा, जयप्रकाश, सिन्हा, रविशंकर जोशी तोरण साहू, मनीष कुमार, साथ ही यंग स्टार क्लब निपानी के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे, सदस्यगण व भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट



**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।

# वर्षों बाद फिर जुटे भूतपूर्व छात्र और शिक्षक, गुरु परंपरा का किया निर्वहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ भूतपूर्व विद्यार्थियों का प्रेरक मिलन समारोह

शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला, पाटन में वर्ष 2003, 2004 और 2005 के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह उत्साह, उल्लास और भावनाओं से भरपूर माहौल में सम्पन्न हुआ। लंबे समय बाद अपने पुराने विद्यालय लौटे पूर्व विद्यार्थियों ने गुरुजनों से मिलकर छात्रजीवन की स्मृतियों को फिर से जिया और विद्यालय के विकास को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।

मिलन समारोह का आयोजन कुर्मी भवन में किया गया। समारोह में वर्तमान एवं सेवा निवृत्त दोनों प्रकार के गुरुजनों को आमंत्रित किया गया था। भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों को शाल और श्रीफल भेंटकर आदरपूर्वक सम्मानित किया। विद्यार्थियों के इस स्नेह ने पूरे समारोह को गरिमामय और भावविभोर बना दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य सीताराम वर्मा, शिक्षक हेमंत वर्मा, संत राम साहू और भास्कर सावरनी ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल गुरु-शिष्य संबंधों को मजबूत बनाते हैं, बल्कि वर्तमान पीढ़ी के विद्यार्थियों को भी प्रेरणा देते हैं। मंच से अपने अनुभव साझा करते हुए भूतपूर्व विद्यार्थियों में युवराज ताम्रकार, केशव साहू, आतिश देवांगन, अब्दुल जलील मोहम्मद, शुभांगी भाले, खिलेश्वरी सिन्हा डडसेना, साधना सेन और चंद्रकिरण देवांगन, डॉ तान्या जायसवाल ने विद्यालय में बिताए सुनहरे पलों को याद किया।

### इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग में सुरक्षा सप्ताह शुरू

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग में चार दिवसीय सुरक्षा सप्ताह समारोह शुरु हो गया । आयोजन में स्थायी एवं संविदा दोनों श्रेणियों के कर्मचारियों ने भागीदारी दर्ज की। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम हफ्तेभर होंगी।

उद्घाटन में मुख्य महाप्रबंधक समिधा गुप्ता, महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक एमवी बाबू, महाप्रबंधक जे तुलसीदासन, महाप्रबंधक बी. मधु पिल्लई तथा महाप्रबंधक जीके कुंडू शामिल थे। अतिथियों ने अपने संदेशों में सुरक्षा मानकों के पालन, सतर्कता, नियमित प्रशिक्षण तथा सामूहिक जिम्मेदारी को औद्योगिक कार्यसंस्कृति की अनिवार्य आवश्यकता बताया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित में कर्मचारियों ने औद्योगिक सुरक्षा की चुनौतियों, आधुनिक तकनीकों के उपयोग, व्यक्तिगत जवाबदेही और सुरक्षित कार्य संस्कृति पर विचार व्यक्त किए। सुरक्षा सप्ताह के दौरान पोस्टर निर्माण, नारा लेखन, कविता पाठ, नाटक, रंगोली, सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, भाषण एवं गीत जैसी जागरूकता-आधारित रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

# डॉ. खूबचंद बघेल कॉलेज में जनजाति उत्सव पखवाड़ा मनाया



**भिलाई।** विगत दिवस डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई -3 के समाजशास्त्र एवं रसायनशास्त्र विभाग द्वारा जनजाति उत्सव पखवाड़ा 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक मनाया गया। उक्त जनजाति उत्सव के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर व गोदना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विगत दिवस जनजातिय समाज का गौरवशाली अतित ऐतिहासिक, समजिक, आध्यात्मिक योगदान' विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, शहीद वीरनारायण सिंह और छत्तीसगढ़ महतारी को पुष्प अर्पित कर, पूजा अर्चना की गयी। फिर मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया। समजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती मंजू दाण्डेकर ने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा बतायी। तत्पश्चात मुख्य वक्ता डॉ. केएन दिनेश प्राध्यापक समाजशास्त्र कल्याण महाविद्यालय द्वारा ₹ जनजातिय समाज का गौरवशाली अतित₹ विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। प्रभारी प्राचार्या डॉ. भारती सेठी ने जनजातिय लोकसंस्कृति, लोककला व लोकपरम्परा पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि वे प्रकृति के करीब तथा प्रकृति रक्षक होते है। तदोपरान्त छात्र पूरब सार्थी द्वारा जनजातीय लोकगीत, ददरिया, बिहाव मड़वा गीत की रोचक प्रस्तुती दी। तत्पश्चात सर्वसम्मति से गुणानुकम आधार पर गठित समाजशास्त्र परिषद की उद्घोषणा प्रभारी प्राचार्य द्वारा कि गयी। जिसमें अध्यक्ष साक्षी साहू, उपाध्यक्ष साक्षी ध्रुव, सचिव तुलेश्वरी साहू, सहसचिव मेघा वर्मा थी। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम करण राज, गोदना प्रतियोगिता में प्रथम कु मानसी, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम आकाश साहू सहित अन्य प्रतिभागियों को मंचस्थ अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## निपानी में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

# ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार काला धुंआ फेंक रही : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



निपानी में कबड्डी प्रतियोगिता समापन समारोह के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा की सरकार ट्रिपल इंजन की सरकार फेल हो चुकी और काला धुंआ फेक रही है। किसान, मजदूर,महिला,बेरोजगार,युवा सहित सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं पूरी तरह से बंद कर दी है। यहां तक यह सरकार पंचायत में आने वाली 15वे वित्त,मूलभूत राशि को देने में अक्षम नजर आ रही है।

ग्राम निपानी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन में श्री बघेल ने कहा कि विकास कार्य,सरकारी योजनाएं पूरी तरह से धरातल पर नजर नहीं आ रही है। किसानों की समस्याओं को गंभीर बताई किसानों को ना तो खाद मिली ना तो अब बेचने की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। उन्होंने समिति के कर्मचारियों के आंदोलन को जायज बताया। सबसे बड़ी समस्या किसानों की है। अब किसान धान बेचने को मजबूर हो चुके हैं , लेकिन किसी के नाम गायब है तो किसी के दस्तावेज में गड़बड़ी है। लोग तहसील एवं पटवारी के चक्कर काट रहे हैं। यहां तक किसान अपनी खुद की कमाई सरकार के पास नहीं बेच पा रहे हैं। सरकारी खाद नहीं देने के कारण लोगों को भारी दिक्कत हुई और अधिक राशि में खरीदना पड़ा। समय पर खाद नहीं मिलने से उत्पादन में भी कमी दिख रही है। अध्यक्षता पूर्व जिप उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने की।

स्वागत भाषण ग्राम के सरपंच राजेश ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भूपेश बघेल के कार्यकाल में 18करोड़ की राशि से विकास कार्य हुआ है। आज भाजपा की सरकार में सभी सरपंच ठन ठन गोपाला हो गए हैं। ठाकुर ने सभी अतिथियों को भावभरा निमंत्रण स्वीकार करने को आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राकेश ठाकुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष, नोमिन हितेश ठाकुर सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, राजेश ठाकुर अध्यक्ष,ब्लॉक कमेटी जामगांव आर, रश्मि भेदप्रकाश वर्मा सदस्य जनपद पंचायत पाटन, सोहन जोशी मंडल अध्यक्ष रानीतराई, तोरण साहू उपसरपंच, भोजराम रघुवंशी निपानी सेक्टर प्रभारी, संतोष सिंह ठाकुर, हेमंत कुमार, निलेश सिन्हा, रमेन्द्र सिंह ठाकुर,धनीराम सिन्हा, झुमुक लाल रघुवंशी एवं पंचगण मंचासीन रहे। इस अवसर पर भविष्य जैन,संतोष पटेल,डा के के साहू ,सुतीक्ष्ण साहू, धनेश सिन्हा, संतोष साहू, दिलीप सिन्हा, दिनेश साहू, लोकेश सिन्हा, योगेश साहू, मोहित सारथी, अमितेश ठाकुर, खेमलाल सिन्हा, ऐश्वर्य ठाकुर, चरण ठाकुर, अरुण, तामेश्वर बंजारे, बिट्टू बनपेला, अभिषेक ठाकुर, मनोज कुमार, नितेश यादव, चूरामन यादव, पुनेश्वर सिन्हा, डीकेश सिन्हा, पुष्पेंद्र साहू यंग स्टार क्लब एवं अंचलवासी शामिल हुए।

# मोदीकेयर बिज़नेस रोजगार का बेहतरीन अवसर



**भिलाई।** जी हाँ दोस्तो आपने ठीक पढ़ा, मोदीकेयर बिज़नेस रोजगार का बेहतरीन अवसर है , भिलाई मे पासपोर्ट के लिये जाने पहचाने श्रीकांत जैन ने बताया की हम पिछले 2 – 3 वर्षो से बढ़ती मँहगाई और बेरोजगारी से परेशान है, हम सब कुछ न कुछ करना चाहते है और बहुत से लोग अतिरिक्त आय का साधन भी तलाश रहे है। ऐसे मे मोदीकेयर बिज़नेस एक बेहतरीन अवसर है हम सभी कहीं न कहीं से अपनी रोज की जरुरत का सामान खरीद कर ला रहे है, आपको कुछ नहीं करना है बस आपको अपनी दुकान बदलनी है और आपके घर खर्च पर आपको 30 से 50 प्रतिशत की बचत व फायदा शुरू हो जाएगा, आपका फ्री रजिस्ट्रशन होने के बाद अगर आप लगभग 3000 – 3500 की खरीदारी करते है तो आपको सभी सामान पर 20 से 25% की छूट के साथ 10 से 15% का का फ्री गिफ्ट तुरंत प्राप्त होगा, आपके बैंक खाते पर 2 से 6% कैश बेक आयेगा और 6 महीने लगातार खरीदारी करने पर सातवें महीने, आपके औसत खरीदारी का एक महीने का सामान फ्री मिलेगा याने 17% और 12 महीने लगातार खरीदारी करने पर तेरहवें महीने दो महीने का सामान फ्री मिलेगा याने 25% इस तरह से आपको लगभग 60% की बचत व फायदा हो जाएगा । आप बचत के साथ साथ अपना खुद का बहुत बड़ा बिज़नेस भी बना सकते है, अधिक जानकारी के लिये आप हमारे सड़क 20 स्मृति नगर भिलाई स्थित ऑफिस मोदीकेयर डी पी स्टोर पर या 98271 16933, 94791 74525 पर संपर्क कर सकते है, हमारे यहाँ पासपोर्ट, वीसा, टिकट व पैकेज टूर विशेष ऑफर के साथ उपलब्ध है। श्रीकांत जैन और उनकी टीम पिछले 5 वर्षो से लगातार इस बिज़नेस को पुरे जोश जूनून के साथ कर रहे है और बहुत से लोगो को बेहतरीन इनकम बनाने पर सहयोग कर रहे है।

# रिटेंशन स्कीम बंद करने और हॉस्पिटल के निजीकरण को लेकर असंतोष

## श्रमिक संगठन एकजुटता से तेज करेंगे विरोध अभियान, सेवानिवृत्तों को होगी आवास की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

बीएसपी प्रबंधन द्वारा कर्मियों की रिटेंशन स्कीम को रोकने और सेक्टर नौ अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा है। इस मामले में यूनियनें एकजुट हो रही हैं। यदि जल्द ही शीर्ष प्रबंधन संयुक्त यूनियन से चर्चा कर समाधान नहीं निकलता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस आशय के निर्णय संयुक्त यूनियन इस्पात भवन काफी हाउस में हुई बैठक में लिया गया।

संयुक्त यूनियन में शामिल इंटक, बीएमएस, एचएमएस, एटक ,एक्टू लोईमू एवं स्टील वर्कर्स यूनियन के नेताओं की इस्पात भवन काफी हाउस में बैठक हुई । बैठक में यूनियन नेताओं ने टाउनशिप में रिटेंशन स्कीम को बंद किए जाने के निर्णय पर आक्रोश व्यक्त किया । यूनियन नेताओं ने कहा कि पहले ही प्रबंधन अपनी मनमानी करते हुए सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम को बंद कर दिया है। इसके बाद अब वह रिटेंशन स्कीम को भी बंद कर दिया है 1 संयंत्र की 35-40 वर्षों तक सेवा करने वाले कर्मचारी से आठ- नौ लाख रुपये सिक्योरिटी डिपाजिट लेकर जिन क्वार्टरों को रिटेंशन में दिया गया था, उसके लिए 24रुपये स्क्वायर फीट किराया की शर्तें रखकर उन क्वार्टर को भूतपूर्व कर्मचारियों से खाली करवाना चाहता है ।

### हड़बड़ी में लिया निर्णय

बैठक में यूनियन नेताओं ने कहा कि रिटेंशन स्कीम बंद किए जाने और 24 स्क्वायर फीट किराया करने तथा सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम को बंद किए जाने के निर्णय पर टाउनशिप प्रबंधन कोई भी संतोषजनक जवाब यूनियन नेताओं को नहीं दे पा रहा है ना ही वह यह बता पा रहा है कि इन क्वार्टरों के खाली होने पर संयंत्र के संपत्ति की सुरक्षा कैसे होगी । सभी अधिकारियों का यही कहना है कि यह निर्णय शीर्ष प्रबंधन ने लिया है ।बैठक में यूनियन नेताओं ने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार के अधिकारी टाउनशिप के अधिकारियों के बड़े क्वार्टरों पर कब्जे कर लिए हैं, जिसे प्रबंधन खाली नहीं करा पा रहा है तो तो वह अपने पूर्व कर्मचारियों और अधिकारियों से क्वार्टर खाली कराना चाहता है और रिटायर होने वाले कर्मचारियों को भी रिटेंशन पर नहीं देना चाहता । भिलाई प्रबंधन यहां की व्यवस्था को समझे बिना ही हड़बड़ी में निर्णय ले रहा है ।



### बीएसपीकर्मियों के इलाज की भी चिंता नहीं

यूनियन नेताओं के मुताबिक भिलाई प्रबंधन सेक्टर 9 हॉस्पिटल को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रहा है उसे ना तो हॉस्पिटल स्टाफ की चिंता है ना ही बीएसपी कर्मचारियों के इलाज की चिंता चिंता है । अभी तक अस्पताल के मामले में शीर्ष प्रबंधन की तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं आया है । बैठक में यूनियन नेताओं ने निर्णय लिया कि यदि शीर्ष प्रबंधन यूनियनों से चर्चा कर रिटेंशन स्कीम, सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम एवं निजीकरण के मामले का कोई समाधान नहीं निकला तो संयुक्त ट्रेड यूनियन उग्र कदम उठाएगी । बैठक में इंटक से वंश बहादुर सिंह, अजय कुमार मार्टिन, बीएमएस से चन्ना केशवलू ,प्रदीप कुमार पाल, एटक से विनोद कुमार सोनी, एचएमएस से हरिराम यादव, प्रमोद मिश्रा, लोईमू से सुरेंद्र मोहंती, डीके सोनी, स्टील वर्कर्स यूनियन से टंडन दास और एक्टू से बृजेंद्र तिवारी उपस्थित थे ।

## खबर संक्षेप



### तालाब में मिला शव

**भिलाई।** रविवार सुबह दुर्ग जिले के धमधा स्थित दानी तालाब के कलश मंदिर के पास अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मामला धमधा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक वार्ड-11 निवासी गोपी ठाकुर (50 वर्ष) शनिवार रात करीब 10 बजे अपने घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अगले दिन सुबह रविवार को स्थानीय लोगों ने तालाब में शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। धमधा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी धमधा भेजा गया। , ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके। वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। पुलिस फिलहाल इस घटना को हत्या, हादसा या आत्महत्या सभी संभावित कोणों से जांच कर रही है। जांच के तहत मृतक के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल, रात में उनकी गतिविधियों और आखिरी बार किन लोगों के संपर्क में थे, इन सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है।

## भारत में चिड़ियाघर को निजी हाथों में सौंपने का नहीं हैं कानूनी प्रावधान

# मैत्रीबाग चिड़ियाघर का निजीकरण मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है

## जू अथारिटी, केंद्र, राज्य सरकार व बोर्ड से अनुमति मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएपी के मैत्रीबाग जू का निजीकरण किया जाना संभव नहीं है।वजह वन्य प्राणियों की सुरक्षा के साथ वाइल्ड लाइफ के कई जटिल नियम आड़े आएंगे। वन्य प्राणी विशेषज्ञों के मुताबिक वन्य प्राणियों की सुरक्षा के एक्ट को देखते हुए भारत में निजीकरण जैसी कोई विधिक अवधारणा ही नहीं है। पूरे भारत में एक भी जू को निजीकरण नहीं हो सका है। यदि मैत्रीबाग को निजी हाथों मे दिया जाता है तो छत्तीसगढ़ वन्य प्राणी बोर्ड इसका विरोध करेगा।

केंद्र सरकार के उपक्रमों के निजीकरण के सिलसिले के बीच अब देश के सबसे बड़े इस्पात सार्वजनिक उपक्रम बीएसपी के मैत्रीबाग जू को भी निजी हाथों में देने की तैयारी है। बीएसपी द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति के तहत निजी कंपनियों को जू के संचालन के लिए आमंत्रित किया गया है। इसमें पूरे जू का संचालन व मेंटेनेंस आदि सभी कार्य निजी कंपनी करेगी। लेकिन वाइल्ड लाइफ व वन्य प्राणी संरक्षण से जुड़े जानकारों का कहना है कि नियमतः मैत्रीबाग क्या किसी भी जू का निजीकरण मुमकिन नहीं है। क्योंकि भारत में प्राइवेट जू जैसा कोई प्रावधान या अवधारणा ही नहीं। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत चिड़ियाघर एक ऐसी संस्था है, जिसे सेंट्रल जू अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड से मान्यता प्राप्त होना जरुरी है। इसे केवल सार्वजनिक या सरकारी नियमों के तहत ही स्थापित किया जा सकता है। छग वन्य प्राणी बोर्ड के सदस्य गोपाल अग्रवाल बताते हैं कि भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत विलुप्तप्राय शेर, बाघ, हिरण, सांप व हाथी को ए ग्रेड में रखा गया, जिन्हें कोई संस्था या व्यक्ति अपने कब्जे में नहीं रख सकती है। बीएसपी के जनसंपर्क विभाग के जीएम के प्रियदर्शी ने बताया कि वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए 'रुचि की अभिव्यक्ति' के तहत मैत्रीबाग जू के संचालन के लिए सहयोगात्मक साझेदारी के तहत निजी एजेंसियों को आमंत्रित किया गया है।

### बैंगलुरु जू में विरोध

जानकारों के मुताबिक वन्य प्राणियो को निजी हाथों में सौंपे जाने के इक्का दुक्का प्रयासों का पुरजोर विरोध हुआ है। इसकी वजह 5 विलुप्तप्राय सहित कई जानवरों की सुरक्षा से जुड़ा है। बारनवापारा व बैंगलुरु जू के जानवरों के निजी हाथों में देने के प्रयासों का भी विरोध हुए था। वन्य जीव बोर्ड के सदस्य गोपाल अग्रवाल बताते हैं कि बारनवापारा में दो टाइगर की रक्षा नहीं हो पाई थी। एक की करंट से मौत के बाद इसलिए हमने विरोध किया था। वन्य प्राणियों के जीवन से सुरक्षा से जुड़ी अत्यावश्यक बातों की बाहर के अनुभवहीन लोगों को जानकारी नहीं होने से वन्य प्राणियों के जीवन पर आंच आती है। इसलिए सरकार ने सख्त नियम बनाए है। सरगुजा में कई हाथियों की करंट बिछाने से मौत हो चुकी है।




### सुरक्षा की दृष्टि से प्रावधान नहीं

देश में चिड़ियाघर को निजीकरण किए जाने का कोई विधायी प्रावधान ही नही है। इसकी वजह विलुप्तप्राय जीवों की सुरक्षा व संरक्षण है। निजी हाथों में दिए जाने के लिए सेंट्रल जू अथारिटी व केंद्र व राज्य सरकार तथा छग वन्य जीव बोर्ड बिल्कुल अनुमति नहीं देगा। छग में टाईगर बाघ, आदि विलुप्तप्राय हैं। लकड़बग्घे तो दिखाई नहीं देते हैं। मैत्रीबाग का निजीकरण किए जाने पर हम विरोध करेंगे।

**-गोपाल अग्रवाल,** सदस्य छग वन्य जीव बोर्ड

### केंद्र, राज्य व बोर्ड हैं ब्रेकर

मैत्रीबाग चिड़ियाघर को आउटसोर्स पर दिए जाना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन जैसा भी है। वाइल्ड लाइफ से जुड़े जानकारों व विशेषज्ञों के अनुसार केंद्रीय जू आथरिटी, पर्यवारण मंत्रालय और केंद्र राज्य सरकारों के नियम में जू का नीजीकरण नहीं हैं। छग वन्य जीव बोर्ड के सदस्य श्रीअग्रवाल बताते हैं कि यदि मैत्रीबाग जू को बीएसपी निजी हाथों में देता है तो उसे केंद्र सरकार, राज्य सरकार और छग राज्य बोर्ड से अनुमति लेगनी होगी। तीनों ही संस्थान अनुमति नहीं देंगे या विरोध करेंगे। विशेषज्ञों के मुताबिक वंतारा में वन्य प्राणियो के संरक्षण के लिए साझेदारी का समझौता का प्रयास किया गया लेकिन उसे अब तक अनुमति नही मिली है। जामनगर में तो देश के एक नामी कारपोरेट कंपनी ने पांच साल से कई टाईगर भाल व हाथी आदि लाकर बाहर रखे हैं लेकिन सरकार व जू अथारिटी ने अनुमति नहीं दी है। क्योंकि यह संवेदनशील विषय सीधे वन्य प्राणियों की सुरक्षा, प्रजनन, खानपान, देखभाल और प्रजनन और आवास जैसी कई अहम चीजों से जुड़ा हुआ है।

# मौसम में उतार-चढ़ाव तापमान तीन डिग्री बढ़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रविवार को न्यूनतम तापमान अचानक से 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस था जो रविवार को बढ़कर 14.2 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। जिसकी वजह से ठंड में अचानक गिरावट आई है। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में और भी 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी बताया है। इस तरह इन दिनों ठंड और कम होगी। उसके बाद मौसम फिर करवट ले सकता है और कड़ाके की ठंड दस्तक देगी।

**पांच दिनों में इस तरह पारा गिरा** : 18 नवंबर को ट्विनसिटी का तापमान बेहद कम चला गया। इस दिन न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस था जो वर्तमान में यानी शुक्रवार 21 नवंबर को 11.8 डिग्री सेल्सियस है। इस बीच 20 नवंबर को न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। इस दिन पारा 12.2 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। 19 नवंबर को 11 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था। 21 नवंबर को न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस हो गया।22 नवंबर को न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा।

### अधिकतम 30.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

टिवनसिटी का अधिकतम तापमान पिछले सप्ताहभर पहले 10 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था। जिसकी वजह से यह शहर शीतलहर की चपेट में रहा। मौसम विभाग ने इसे चक्रवात का असर बताया था। चक्रवात का असर खत्म होने के बाद फिर से तापमान बढ़ने लगा है। रविवार 23 नवंबर को अधिकतम तापमान भी 30.6 डिग्री सेल्सियस तक चला गया। इसलिए लोगों को अब न सुबह और न ही शाम को ज्यादा ठंड का एहसास हो रहा है। पिछले 10 दिनों से मौसम में व्यापक उतार-चढ़ाव का लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है। ज्यादातर लोगों को सर्दी, खांसी की शिकायत है। बुखार भी आने लगा है।

# पुलिस ने ढूंढ़ निकाले 36 लाख रुपए के 175 गुम मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में गुम हुए मोबाइल फोन खोजने के अभियान में एसीसीयू की टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने कुल 175 मोबाइल बरामद किए हैं जिनकी कीमत करीब 36 लाख रुपए है। इन मोबाइलों को अब उनके असली मालिकों को सौंपा जा रहा है।



रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में एसएसपी विजय अग्रवाल ने लोगों को मोबाइल सौंपा। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीनों में जिले के अलग-अलग थानों में मोबाइल खोने की ढेरों रिपोर्ट दर्ज कराई गई थीं। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि सभी गुम मोबाइलों की तलाश कर उन्हें संबंधित लोगों को वापस किया जाए। निर्देश मिलने के बाद एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाने की टीमों को खोजबीन में लगाया गया। अभियान को वर्ष 2024 और 2025 के दर्ज प्रार्थना पत्रों के आधार पर चलाया गया। टीम ने दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा और रायपुर में सर्च ऑपरेशन चलाकर अलग-अलग कंपनियों के 175 मोबाइल ढूंढ निकाले। बरामद मोबाइलों की लिस्ट पुलिस जल्द ही सोशल मीडिया अकाउंट पर जारी की जाएगी। इसमें सभी आईएमईआई नंबर शामिल होंगे ताकि लोग मिलान कर सकें और अपना मोबाइल एसीसीयू कार्यालय सेक्टर 3 से प्राप्त कर सकें।

# धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने किया 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अलग-अलग जगह की जमीन को अपना बताकर लाखों रुपए की ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आवेदक स्वयं का मकान बनाने के लिए जमीन खरीदने के लिए पता किया। इसी दौरान प्रार्थी की मुलाकात आरोपी सईद खान निवासी सहदेव नगर से हुई, जो अपने आपको प्रापर्टी डिलर होना तथा स्वयं के नाम से शहर के लखोली क्षेत्र में होना बताकर लखोली स्थित प्लाट रकबा 5000 वर्ग फुट भूमि के लिए 27,50,000 रुपए में प्रार्थी से सौदा तय कर 3 लाख रुपए बयाना राशि प्राप्त किया।

# स्वास्थ्य विभाग में कथित भ्रष्टाचार पर हंगामा

**भिलाई।** ननि भिलाई के स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर आप पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की है। इस पर निगम प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के लिए समिति गठित की है।

आवेदन में स्वास्थ्य विभाग जिसमें जोन 1 से 5 और मेसर्स अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड नागपुर से संबंधित कार्य शामिल हैं, जिसमें बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया गया है। आरोप लगाया गया है कि नगर निगम ने सफाई कर्मचारियों की संख्या 2000 बताई है, जबकि वार्डों में ये कर्मचारी दिखाई नहीं देते। आशंका है कि फर्जी कर्मचारियों के नाम पर मासिक वेतन निकाला जा रहा है। ऐसी ही गड़बड़ियां एसएलआर सेंटर में भी पाई जा रही हैं, जहां सफाई कर्मचारियों के नाम से भुगतान निकाला जा रहा है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी नगर पालिक निगम भिलाई ने जांच के आदेश दिए हैं।

# मेड ने उड़ाए 8 लाख के गहने और नकद पुलिस ने पति-पत्नी को किया गिरफ्तार



**भिलाई।** घर में काम करने वाली मेड ने 8 लाख के सोने चांदी के गहने और नकद चोरी कर लिए। पुलिस ने मेड सरस्वती साहू और उसके पति सेवक राम साहू को गिरफ्तार कर पूरा माल बरामद कर लिया है। मामला भट्टी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार सेक्टर 2 भिलाई निवासी राकेश चौधरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने 29 अक्टूबर को अपने अलमारी में सोने चांदी के आभूषण और नकद रखा था। 15 नवंबर को शादी के कार्यक्रम में जाने की तैयारी के दौरान अलमारी चेक की तो गहने और नकद गायब मिले। शिकायत मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की। परिवार के बाहर न जाने की पुष्टि होने के बाद शक घर में काम करने वाली मेड पर गया। सरस्वती साहू से पूछताछ की गई तो वह टूट गई। उसने कबूल किया कि 29 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच उसने 2 से 3 बार अलमारी से गहने चोरी किए और उन्हें अपने पति को छुपाने के लिए दे दिया। पुलिस ने आरोपियों से सोने की दो चैन, लाकेट, झूमके, बाली, टॉप्स, मंगलसूत्र, चांदी की पायल और 51,600 रुपये नकद बरामद कर लिया। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 8 लाख रुपये है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# भटगांव में करंट लगने से बिजली कर्मी की मौत

**भिलाई।** दुर्ग जिले के जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के भटगांव में रविवार सुबह करंट लगने से एक बिजली कर्मी की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव के लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार भटगांव के पास लगा ट्रांसफार्मर सुबह खराब हो गया था। शिकायत के बाद विभाग का एक कर्मचारी और निजी कर्मी संतोष ठाकुर मरम्मत के लिए पहुंचे। काम के दौरान संतोष ठाकुर अचानक करंट की चपेट में आ गए। गिरते ही साथियों और ग्रामीणों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**ग्रामीणों ने लगाया लापरवाही का आरोप:** हादसे के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग बिना सुरक्षा किट और बिना लाइन शटडाउन के कर्मचारियों को काम पर भेज देता है। सुरक्षा नियमों का पालन होता तो संतोष की जान बच सकती थी। परिजन और ग्रामीण मुआवजा और विभागीय जांच की मांग करते हुए मुख्य सड़क पर बैठ गए। करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक अधिकारी मौके पर आकर लिखित भरोसा नहीं देते, तब तक जाम नहीं हटाएंगे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझाया और मामले की जांच का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम खोला गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा आंदोलन करेंगे।

# पुराने लंबित मामलों के निराकरण को लेकर एसएसपी ने दिए निर्देश

**भिलाई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने रविवार सुबह पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 भिलाई में जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली।



सुबह 10 बजे शुरू हुई इस बैठक में एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि वर्ष खत्म होने से पहले लंबित मामलों पर तेजी से काम हो। उन्होंने प्रभारियों को निर्देश दिया कि हर केस में मजबूत साक्ष्य जुटाएं ताकि अदालत में मामला टिक सके। उन्होंने यह भी कहा कि निगरानी बदमाशों और गुंडा तत्वों पर लगातार नजर रखी जाए। ऐसे लोगों की गतिविधियों की जांच करके जरूरी कार्रवाई की जाए। सक्रिय चाकूबाजों और नशे की गतिविधियों में शामिल लोगों को सूचीबद्ध कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएड्ल्यू पद्मश्री तंवर, धमधा एसडीओपी एलेक्जेंडर किरो, पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा, डीएसपी आकर्षि कश्यप सहित जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों ने भाग लिया।

# भिलाई के वार्ड 23 से 19 साल का युवक लापता



**भिलाई।** 330, वार्ड 23 वाम्बे आवास घासी दास नगर से 19 साल का युवक अनुरुद्ध कुशवाहा उर्फ निखिल 21 नवंबर की सुबह लापता हो गया। परिवार के मुताबिक वह सुबह करीब 8.30 बजे से 9 बजे के बीच घर से निकला और उसके बाद वापस नहीं लौटा। निखिल का कद लगभग 167 सेंटीमीटर। बाल और आंखें काले रंग की हैं। आखिरी बार उसे डार्क टी शर्ट में देखा गया था। परिजन पूरे इलाके में तलाश कर चुके हैं, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिता त्रिवेणी प्रसाद कुशवाहा ने लोगों से मदद की अपील की है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301



Ajay Advt.






हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 24 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के मुकाबले अंतिम चरण में

लाइव इवेंट

## पुरुष आयोग बनाने की उठाई मांग परिवार के विघटन पर भी की चर्चा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में पुरुष अधिकारों के लिए कार्य करने वाली अग्रणी संस्था मेन्स राईट्स एसोसिएशन ने अंतराष्ट्रीय पुरुष दिवस का आयोजन 19.नवंबर को सुपेला भिलाई में किया। आयोजन की मुख्य अतिथि डॉ. वीणा राजपूत, प्रिंसिपल शंकराचार्य नर्सिंग कॉलेज, भिलाई थी।

■ मेन्स राइट्स एसोसिएशन ने किया अंतराष्ट्रीय पुरुष दिवस का आयोजन

इस अवसर पर परिवार.विघटन से संबंधित समाजोपयोगी विषय के विभिन्न पहलुओं पर डॉ. वीणा राजपूत एवं संस्था के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह तथा सदस्यगण राजेश सिंह ठाकुर, सतीश चंद्राकर, निमिष अग्रवाल, मनोहर वैष्णव, शेखर साहू, पुरुषोत्तम साहू, महफूज आलम, अभिषेक सिंह, नितिन शुक्ला, सुशील देवांगन, मनीष साहू, विजय साहू, दिनेश कौशल एवं अन्य सदस्यों ने अपने उदगार प्रकट किये। इसमें प्रमुख विषय जैसे पुरुषों के मानसिक स्वास्थय, पैरेन्टल एलिएनेशन ;बच्चो का अभिभावक से अलगाव, फ्री.बी के जरिए चुनावों को प्रभावित कर लोकतंत्र एवं लैंगिक समानता में हो रहे प्रहार एवं अन्य लोकहित के ज्वलंत मुद्दों पर विचार वयक्त कर इनके परिणाम, नुकसान एवं समाधान पर चर्चा की गयी। संस्था के द्वारा एकपक्षीय महिला समर्थित कानून, उनके अत्यधिक दुरुपयोग, पुरुष आत्महत्या दर में प्रतिवर्ष वृद्धि, फ्री.बी के जरिए वोट बैंक राजनीति एवं उसके दुष्परिणाम पर गहन चिंता एवं चर्चा की गई तथा उनके रोकथाम, कानून को जेंडर न्यूट्रल बनाने, कानून के दुरुपयोग रोकने तथा पुरुष आयोग बनाये जाने की उनकी बरसों की मांग समाजहित एवं राष्ट्रहित में सरकार के समक्ष पुनः उपयुक्त तरीके से उठाये जाने की योजना बनाई गई।



● प्राचीन बैकुठधाम माता श्रृंगार समिति नेवई मरोदा का आयोजन

# रिसाली निगम के 40 वार्डों की 124 मितानिनों का हुआ सम्मान

## समाज कल्याण क्षेत्र में मितानिनों की भूमिका की सराहा

**भिलाई। प्राचीन बैंकुठ धाम माता श्रृंगार समिति नेवई मरोदा के तत्वावधान में मितानिन मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजन रविवार को रखा गया। समारोह में रिसाली निगम क्षेत्र के 40 वार्डों की 124 मितानिनों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम रिसाली के महापौर शशि सिन्हा थी। विशेष अतिथि के रूप में डीएसपी वैजयंती माला तिग्गा, रिसाली निगम के महिला पार्षद सोनिया देवांगन, ममता सिन्हा, गजेंद्री कोठारी, सरिता देवांगन, ईश्वरी साहू, सीमा साहू, जयंती महानंद, आशा चंद्राकर उपस्थित थे।**




### मितानिन समाज कल्याण क्षेत्र में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका

समारोह में श्रृंगार समिति ने पदाधिकारियों ने कहा कि मितानिन समाज में स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती हैं, सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देती हैं, और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की देखरेख करती हैं। कोरोना जैसी महामारी के दौरान भी उन्होंने घरों में जाकर लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई। वे महिलाओं और समुदायों के सशक्तिकरण में भी योगदान देती हैं और सरकारी तंत्र के साथ मिलकर समुदाय के लिए काम कर रही है। इसलिए उनका सम्मान करना हमारा दायित्व है।

### सम्मान से उत्साहित हुई मितानिन

मितानिन मिलन व सम्मान समारोह से रिसाली निगम क्षेत्र की मितानन सम्मान पाकर बेहद उत्साहित दिखी। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से हमें काम करने की और प्रेरणा मिलती है। हम समाज से सीधे जुड़ते हैं। समिति के आयोजन की सराहना की। इस दौरान समिति की महिला सदस्यों व पदाधिकारियों ने मितानिनों के साथ नृत्य कर अपनी प्रशंसा बांटी। एक दूसरे के प्रति आदर भाव प्रदर्शित करने में मितानिनें भी आगे रही। इस आयोजन में शामिल महिला पार्षदों ने मितानिनों के कार्यों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि प्राचीन बैंकुठधाम समिति नेवई मरोदा द्वारा समाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है।

### रिसाली निगम क्षेत्र में सक्रिय भूमिका- महापौर शशि सिन्हा

मुख्य अतिथि रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा व विशेष अतिथि डीएसपी वैजयंती माला तिग्गा ने मितानिनों की निस्वार्थ सेवा और जन–जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका की सराहना की। उन्होने कहा कि यहां की मितानिन रिसाली निगम क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। मितानिनों का समर्पण शहर में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। सम्मान प्राप्त करने के बाद मितानिनों को आगे भी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी मितानिनों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। समिति द्वारा सभी को भोजन करवाया गया। निर्मला प्रजापति ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के समारोह न केवल मितानिनों के योगदान को उजागर करता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व और उनमें मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका को समाज के सामने प्रस्तुत करने का एक सार्थक प्रयास है। इस कार्यक्रम में हेमा धनकर, रेखा चंद्राकर, बेबी यादव, अमिता देवांगन, ईश्वरी राव, सुमन जायसवाल,प्रियंका साहू ,सुमन सिंह, संध्या मौर्य, अंजू यादव,सिरमती देवी, रूबी सिगं,अनीता ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।




सिटी इवेंट

## अटल बैडमिंटन चैंपियनशिप में डीएन देवांगन बने चैंपियन



**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक बैडमिंटन ग्राउंड में हुई अटल बिहारी वाजपेयी बैडमिंटन चैंपियनशिप में सीनियर ग्रुप का खिताब डीएन देवांगन ने जीत लिया। उन्होंने फाइनल में दीपेश देव को लगातार दो सेट में 21-15 और 21-16 से हराया। डीएन देवांगन ने सेमीफाइनल में अजीत सिंह को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

■ देवांगन ने दीपेश को हराकर सीनियर ग्रुप में चैंपियन

दूसरी तरफ दीपेश ने करण को मात दी, लेकिन निर्णायक मुकाबले में लय नहीं बना सके और उपविजेता रहे। टूर्नामेंट में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग मिलाकर करीब 70 खिलाड़ी उतरे। टूर्नामेंट का उद्घाटन राज्योत्सव के दिन बैडमिंटन अकादमी और बी ब्लॉक एसोसिएशन ने किया था। सोसिएशन के अध्यक्ष और संरक्षक कुबेर देशमुख और संयोजक ओपी मिश्रा ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने और बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखने के लिए यह पहल की गई। शाम होते ही ग्राउंड में शटलरों और दर्शकों की अच्छी भीड़ नजर आई। तकनीकी टीम में असीम सिंह, महेश विश्वकर्मा, गजानन अवचट और संजय ढवस ने खास भूमिका निभाई।

### क्वालीफाई मुकाबलों के नतीजे

तरुण ने 23-21 और 21-18 से जीत दर्ज की। गौरव ने प्रणय को 21-15, 21-16 से हराया। बीआर ढोके ने शीतलदास को 21-14 और 21-11 से मात दी। विख्यात ने विश्वा को 21-10 और 21-07 से हराया। रक्षित कांबले ने शुभम डडसेना को 21-17 और 21-15 से हराया। प्रियम ने रोयन को 21-18 और 21-16 से हराया। अंशुमन ने विराज को 21-19 और 21-11 से मात दी। प्रियांश ने निमित को 21-13 और 21-08 से हराया। दिव्यांश राय ने निशांत शर्मा को 21-12 और 21-08 से हराया। दक्ष ने आरव को 21-10 और 21-05 से हराया। इसके बाद दक्ष ने ही प्रियांश को 22-20, 18-21 और 21-09 से हराया। अरमान ने पुलकित देवांगन को 21-16, 16-21 और 21-15 से हराया। गौरव देवांगन ने रोयन राम को 21-15 और 21-14 से हराया। रक्षित ने दिव्यांश को 21-15 और 21-18 से मात दी। रोयन ने दिव्यांश को 20-22, 18-21 और 21-18 से हराया।



# ऑल इंडिया ओपन कराटे चैम्पियनशिप में छग की चमक, खिलाड़ियों ने 23 पदक जीते

**भिलाई।** ऑल इंडिया ओपन नेशनल कराटे चैम्पियनशिप 2025 में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। रायपुर के अग्रसेन भवन में 19 और 20 नवंबर को हुई इस प्रतियोगिता में देशभर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन छत्तीसगढ़ सेइको-काई कराटे-डो एसोसिएशन और भारत कराटे अकादमी की ओर से किया गया था।



कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा और कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष भारत शर्मा मुख्य अतिथि रहे। दोनों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चों में कराटे की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और इसे लेकर भविष्य में और भी बेहतर संभावनाएं हैं। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भिलाई के सेक्टर–5 इस्पात क्लब डीआर स्पोर्ट्स कराटे अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने 8 गोल्ड, 2 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज जीतकर कुल 23 पदक अपने नाम किए। इस प्रदर्शन ने छत्तीसगढ़ को ओवरऑल प्रथम स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पूरी टीम की इस उपलब्धि पर कोच वीर हनुमान सिंह, शिहान रमेश, शाहिद और सेंसई राजेश ने खिलाड़ियों को बधाई दी और आगे भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।

### विजेताओं का हुआ सम्मान

स्वर्ण पदक विजेताओं में जकिया खान, दीपक, अमायरा गुप्ता, अर्पिता नरंग, कौस्तुभ बंछोर, अनन्या विनोद सिन्हा, वाम्पसी पटेल, किरण साहू शामिल हैं। वहीं रजत पदक विजेताओं में साक्षी राजपूत, तान्या चेलक शामिल है। कांस्य पदक विजेताओं में अमायरा गुप्ता, मन्या सोलंकी, विहान कुर्रे, पुरोहित कुम्भार, अमन पाल, आरव नरंग, वृद्धि कुम्भार, आध्या सोलंकी, अर्जुन ठाकुर, मोहम्मद रेहान, खुशी जोशी शामिल हैं।

# नेत्र रोग के 109 व दंत रोग के 46 मोतियाबिंद के 3 मरीज मिले



**दुर्ग।** केंद्रीय जेल दुर्ग में पुरुष बंदियों के लिए नेत्र और दंत परीक्षण मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दंत रोग और मोतियाबिंद के लक्षण पाए जाने पर उन्हें मार्गदर्शन दिया गया। जिला चिकित्सालय नेत्र विभाग के पूर्व नेत्र सहायक अधिकारी अरुण सिंह एवं नेत्र सहायक अर्पिता फिलिप, संस्कार चंद्राकर, तोमन साहू, अंचल साहू, निकिता व प्रियंका द्वारा बंदियों की आंखों की जांच की। डॉ. पायल पाटिल ने दंत परीक्षण किया। इस दौरान नेत्र रोग के 109 और तीन बंदी मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। दंत रोग के 46 पीड़ितों में से कुछ बंदियों में पायरिया का लक्षण पाया गया। ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के सीता राम ठाकुर, दिलीप ठाकुर,

■ केंद्रीय जेल में स्वास्थ्य परीक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन

आरके तिवारी, रमेश साहू, जेल अधीक्षक मनीष शंभाकर, प्रभारी उप जेल अधीक्षक एके साव, फॉर्मासिस्ट डीएस कोसरे, प्रभारी अष्टकोण अधिकारी अरुण त्रिपाठी, प्रहरी गोपाल कश्यप, मुख्य प्रहरीर मेश खारसे, प्रहरी राजेश साहू आदि उपस्थित थे।

नगरीय निकाय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन : मुद्दे एवं चुनौतियां विषय पर इंडिया की कार्यशाला

कार्नर न्यूज

# कचरा निपटान जन स्वास्थ्य के साथ देश की इकोनॉमी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय

**भिलाई।** दि इंस्टीट्यूशन अ,ॉफ़ इंजीनियर्स (इण्डिया)', भिलाई लोकल सेन्टर एवं आफिसर्स एसोसिएशन, भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वावधान में कला मंदिर में 'नगरीय निकाय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन : मुद्दे एवं चुनौतियाँ' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आईएएस पूर्व सूचना आयुक्त एनके शुक्ला और विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर डां.लक्ष्मीकांत यदु तथा सालिड वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट, इंदौर स्मार्ट सिटी, श्रद्धा तोमर थे। स्वागत भाषण भिलाई चेप्टर की अध्यक्ष बोन्या मुखर्जी ने दिया। बीएसपी ओए व सेफी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन किसी एक संस्था की जिम्मेदारी न होकर यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र से लेकर सभी निगमों को मिलकर प्रयास करने की आवश्कता है। मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने कहा कि यह आयोजन देश के श्रेष्ठ, सुंदर व हरे–भरे नगरों में से एक भिलाई के निवासियों को पर्यावरण संरक्षण तथा घरेलू कचरे के सही सेग्रीगेशन कर अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जागरूक करेगा और सार्थक परिणाम आएंगे।



### जनस्वास्थ्य की दिशा में यह उपयोगी कदम




डां. यदु ने कहा कि यह दायित्व केवल नगरीय निकायों का नहीं है। यह केवल कचरा निपटान या कचरे से उपयोगी ऊर्जा का उत्पादन नहीं, बल्कि यह जनस्वास्थ्य तथा देश की इकानामी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसे गंभीरता से लेना ही होगा। उदघाटन सत्र का आभार प्रदर्शन अंकुर मिश्रा, महासचिव, बीएसपी ओए ने किया।

### समापन सत्र में किया जागरूक

समापन सत्र के मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के लिए संयंत्र प्रबंधन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं तथा इसमें किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि, अपने स्थापना काल से आज त पर्यावरण संरक्षण की नवीनतम तकनीकियों को अपनाता रहा है। श्रद्धा तोमर ने कहा कि इंदौर ने किस प्रकार से अपशिष्ट प्रबंधन में जीरो टालरेंस' की नीति अपनाकर कठोर निगरानी के माध्यम से तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी की सहायता से ना केवल स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर लगातार पहला स्थान बनाया है, वरन एशिया के सबसे बड़े 550 टन दैनिक उत्पादन क्षमता के बायो–सीएनजी प्लांट की स्थापना की है । डां. अनिता सावंत, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी, छग पर्यावरण संरक्षण मंडल, दुर्ग सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट को वैश्विक स्तर पर आज का ज्वलंत विषय बताया। डां. संदीप चौकसे, आईआईटी रायपुर के सहायक प्राध्यापक प्लास्टिक के उपयोग तथा हानियों पर प्रस्तुति देते हुए इसके प्रति जागरूक होने पर जोर दिया।सस्टेनेबल अर्बन हैबिटेट्स विथ फ्यूचरिस्टिक म्यूनिसिपल सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट' विषय पर संतोष कुमार, जनरल मैनेजर एण्ड आपरेशन हेड, आरई सस्टेनेबिलिटी, हैदराबाद ने विश्व की सर्वश्रेष्ठ तथा आधुनिकतम अपशिष्ट प्रबंधन प्रौद्योगिकियों की प्रस्तुति दी व देश के प्रमुख नगरों सहित विश्व स्तर पर चल रहे सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट' के वर्तमान परिदृश्य के विषय में बताया। बीएसपी के जीएम ने भी विचार व्यक्त किए।उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी कार्यक्रम का संचालन किया और आयोजक संस्था की सिचव. सुप्रिया त्रिपाठी ने आभार प्रदर्शन किया किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमेन पुनीत चौबे व बीपी यादव तथा अन्य सदस्य बसंत कुमार साहू, डी.के. साहू, विवेक गुप्ता, ओए के कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू व सचिव अनु पी भी उपस्थित थे।

सिटी इवेंट

## सेल खेल मेला में दिखी ग्रामीणों की प्रतिभा



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र एवं रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के तत्वावधान में चार दिवसीय सेल खेल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक पवन कुमार थे। अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानतानंद महाराज ने की। सीजीएम शिवराजन, भिलाई महिला समाज की उपाध्यक्ष आशा रानी, उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद, एजीएम सचिन रंगारी, उप प्रबंधक कमल कांत वर्मा तथा बीएसपी के खेल विभाग के प्रशिक्षक उपस्थित थे। पवन कुमार ने खेल मेला में विभिन्न समाजोपयोगी गतिविधियों की प्रशंसा की। कहा कि बीएसपी रावघाट क्षेत्र के समग्र विकास के लिए आयोजित खेल मेला में प्रतिभाएं निखरेंगी।

### विजेता हुए पुरस्कृत

खेल मेला के दौरान फुटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, तीरंदाजी, गोला फेंक, भाला फेंक तथा 100 मीटर, 400 मीटर और 1500 मीटर दौड़ जैसी अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नारायणपुर, अबूझमाड़, अंतागढ़ और रावघाट खदान क्षेत्र के 38 विद्यालयों के 15 सौ छात्रों तथा रामकृष्ण मिशन के 1500 विद्यार्थियों सहित कुल 3 हजार प्रतिभागियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने विजेताओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।



गुरु ही शिष्य के बुझे हुए दीप को प्रज्वलित कर सकते हैं

# अहिंसा परमो धर्म की जयकारे के साथ हुआ मुनि भवसागर महाराज का मंगल प्रवेश

**भिलाई।** आचार्य 108 विद्यासागर महाराज एवं आचार्य 108 समय सागर महाराज के शिष्य मुनिराज 108 धर्म सागर महाराज और 108 भवसागर महाराज दुर्ग से रुआबांधा जैन मंदिर से पैदल विहार करते हुए संध्या 4 बजे त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में मंगल प्रवेश किए। पारसनाथ दिगंबर जैन महासभा के भक्तों ने मुनि के अहिंसा परमो धर्म की जयकारा के साथ पद प्रक्षालन करते हुए स्वागत किए। श्री त्रिवेणी जयंती सेक्टर 6 में पारस महासभा के अध्यक्ष प्रशांत जैन, ज्ञानचंद बाकलीवाल, जिनेंद्र जैन, प्रशांत जैन, राजीव जैन, अजीत जैन, भारत जैन, सोमेश जैन, प्रतीक जैन, रवि जैन आदि भक्तों के साथ महिलाओं ने भी पूज्य मुनि श्री संघ का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मुनि ने अपने आशीर्वचन भक्तों को देते हुए पार्श्वनाथ भगवान के मंगल दर्शन की। प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि मुनि संघ का भक्तों ने आरती उतार कर अभिनंदन किया। इसके पूर्व सुबह पद्मनाभपुर मंदिर में गुरु मंदिर बनाने की योजना के साथ मुनि धर्म सागर और भवसागर ने अपने मंगल प्रवचन में भक्तों को दिए। आचार्य विद्यासागर महाराज का 55 वां आचार्य पद आरोहण स्मृति महोत्सव मनाया गया। इस दौरान मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई। शास्त्र अर्पण, पाद प्रक्षालन किया गया। आचार्य की महा पूजन के साथ ही जरूरतमंदों को भोजन, औषधि, वस्त्रदान किए गए। गुरु मंदिर की भी योजना बनाई गई।



### गुरु की महिमा को शब्दों की सीमा में नहीं बांधा जा सकता



धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि भावसागर महाराज ने कहा कि भारत में गुरु को अधिक महत्व दिया जाता है। आचार्य के अनंत उपकारों को कोई भूल नहीं सकता। आचार्य के चरण युगों युगों तक मार्गदर्शक रहेंगे। भारत देश अहिंसा का शंखनाथ करने वाला है। आचार्य श्री साधना 56000 वर्ष की थी ग्रंथों के अनुसार 22 लाख वर्षों में करोड़ों के संख्या में दिगम्बर जैन साधु हुए है। आचार्य की 2600 से अधिक पूजन लिखी गई है जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है। आचार्य कुंदकुंद स्वामी के बाद सबसे ज्यादा समय तक आचार्य पद पर आचार्य श्री रहे है। गुरु की महिमा को शब्दों की सीमा में नहीं बांधा जा सकता। गुरु सीमातीत है, गुणों के भंडार है। आचार्य ज्ञान सागर ने मुस्कुराते हुए आचार्य पद का त्याग किया था। गुरुदेव ने बड़े-बड़े महान कार्य किए हैं। वह कठिन ग्रंथ पढ़ते थे। वह बड़े-बड़े कवियों की टक्कर लेने वाले थे। आचार्य पद उसी को दिया जाता है, जो अपने गुरु के गुणो को आत्मसात कर लेते है। गुरु जो कह रहे है स्वीकार कर लेना गुरु दक्षिणा है।

### शब्दों के जादूगर थे आचार्य श्री

ज्ञान सागर ने कहा था कि जितने गुण विद्यासागर में है, उतने मेरे अंदर भी नहीं है। इसलिए हमने उन्हें आचार्य पद देकर बड़ा बनाया है। आचार्य विद्यासागर के ऐसे कई शिष्य है जिन्होंने एमएससी, एमटेक, डॉ.की डिग्री, विदेश की सर्विस छोड़कर दीक्षा ली है। आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने कहा था कि अगर मैं सिंहासन पर नहीं बैठूंगा, तो क्या आचार्य नहीं कहलाउंगा। विदेशी लोगों ने आचार्य की मूकमाटी पढ़ने के बाद मांसाहार, शराब का त्याग किया था। आचार्य श्री शब्दों के जादूगर और अनुशासन की जीवन्त मूर्ति है। उनके दर्शन कर देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल ,मुख्यमंत्री ,सुप्रीम कोर्ट के जज, हाईकोर्ट के जज, विचारक, साहित्यकार, शिक्षाविद, कानूनविद, उद्योगपति, प्रमुख संत, विश्वविद्यालय कुलपति आदि ने मार्गदर्शन प्राप्त किया था। गुरु ही शिष्य के बुझे हुए दीप को प्रज्वलित कर सकते हैं। वह अंदर परमात्मा बनने की प्यास जगाते हैं। वह मोक्ष का ताला खोलना सिखाते हैं।

सिटी लाइव

## सामग्री प्रबंधन का वेंडर डेवलपमेंट कार्यशाला हुई



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा इस्पात भवन में महिला उद्यमियों एवं वेंडर्स के लिए वेंडर डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 40 महिला उद्यमियों और वेडर्स ने आन लाइन भाग लिया। वेंडर डेवलपमेंट सेल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। ई-निविदा पोर्टल पर एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें निविदा के लिए लॉगिन करने, निविदा भरने की प्रक्रिया तथा तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं प्रतिभागियों के प्रश्नों के समाधान के लिए इंटरएक्टिव सेशन भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वेंडर हेल्प डेस्क की उपासना देशमुख और संदीप कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

उपलब्धि

## सीजी पीएससी टॉपर देवेश साहू का विधायक ने किया सम्मान



**दुर्ग।** विधायक ललित चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीजी पीएससी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ग्राम धनोरा निवासी देवेश कुमार साहू के निवास पहुंचकर उनका सम्मान किया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देवेश साहू के इस सफलता से न केवल उनके परिवार का, बल्कि पूरे दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। विधायक ने कहा कि देवेश कुमार साहू की इस उपलब्धि से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने देवेश कुमार साहू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा हमारी सरकार पीएससी भर्ती के साथ-साथ सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शीता प्रकिया अपनाकर युवाओं के हौसले को पंख देने का काम कर रही है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पीएससी परीक्षा में गड़बड़ी कर घोटाले का गढ़ बना दिया था। आज भ्रष्टाचार करने वाले जेल में है। इस अवसर पर जिला महामंत्री दिलीप साहू, उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, जनपद सदस्य जितेन्द्र टंडन, फत्ते लाल वर्मा, प्रवीण यदु, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे सहित परिवार जन उपस्थित थे।

आओ संवारें बचपन...

## स्कूली बच्चों को नशा, स्वास्थ्य व शिक्षा के प्रति किया जागरूक



**भिलाई।** आओ संवारें बचपन अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला डुमरडीह में सभापति जिला पंचायत दुर्ग श्रद्धा पुरेन्द्र साहू द्वारा कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्रद्धा साहू ने स्कूली बच्चों के साथ स्वास्थ्यए शिक्षा, नशा उन्मूलन, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और बेटा बचाओ बेटा पढ़ाओ पर विस्तृत चर्चा की ।

कार्यशाला का उद्देश्य बैगलेस डे में बच्चों की मन की बात जानने और उनकी समस्याओं के समाधान पर फोकस है । खेल खेल और खुशनुमा माहौल में विद्यार्थियों ने अपने मन की बात भी कही । इस कार्यक्रम में समस्त अतिथियों ने प्राणायाम भी किया ।

ग्राम पंचायत डुमरडीह के सरपंच धर्मेन्द्र बंजारे, संस्था प्रमुख पोषण मारकण्डे ने बाल संरक्षण अधिनियम एवं साइबर सुरक्षा के उपाय सहित टोल फ्री नंबर बताया एवं इस आओ संवारे बचपन अभियान की सराहना करते हुए सभी पालकों से अपील किया कि आप घर पर अपने बच्चों से नियमित संवाद करते रहे। इस कार्यशाला में अध्यक्षद्वय शाला प्रबंधन समिति उमेन्द्र जांगड़े, कामिनी बंजारे, अंजनी यादव, सुशील बंजारे, मिथलेश नारंग, खिलेश गायकवाड़, शिक्षकगण सुरेखा मंडावी, राजेश्वरी देशमुख आदि उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय कमेटी के बुलावे पर वैशाली नगर विधायक रिकेश जाएंगे दिल्ली



**भिलाई।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निमंत्रण पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन 26 नवंबर को दिल्ली रवाना होंगे। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली अप्रत्याशित विजय पर भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ प्रभारियों की भी मौजूदगी रहेगी। बिहार चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक विजय से भाजपा में हर्ष की लहर है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा से प्रवेशी प्रभारी की भूमिका में थे। उनके प्रभार की अमनौर और औरंगाबाद में भाजपा प्रत्याशियों ने शानदार विजय दर्ज की है। सामाजिक बैठकें और मतदाताओं से धुआंधार जनसम्पर्क ने दोनों ही विधानसभा में भाजपा के वोट बैंक में बढ़ोत्तरी के साथ युवाओं का व्यापक समर्थन भी मिला।

## बोड़ेगांव शिविर में ग्रामीण लाभान्वित

**भिलाई।** बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम बोड़ेगांव में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ, रोग पहचान, परामर्श तथा निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराना था। शिविर में बीएसपी की ओर से डॉ. प्रेरणा बघेल, फार्मासिस्ट मनीष कुमार देशमुख, नर्सिंग स्टाफ तृप्ति कुमारी, तथा राकेश कुमार और बुधेलाल और जिला चिकित्सालय की ओर से सीएचओ उर्वशी देशलहरा और नर्सिंग स्टाफ ने सेवाएं दीं। शिविर में 57 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं।



पूर्व महापौर शंकरलाल ने 85 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर रोपित किए 85 पौधे

## आज के दौर में पर्यावरण संरक्षण महत्वपूर्ण मुहिम, इसका अनुकरण जरूरी : ताम्रध्वज



कार्नर न्यूज

**दुर्ग ।** पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत संस्था हितवा संगवारी की मुहिम को आगे बढ़ाते पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार ने 85 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर डुन्डेरा नर्सरी में 85 पौधे रोपित किए।

इस दौरान प्रेमनारायण वर्मा, अशोक तिवारी , प्रफुल्ल संचेती, प्रेम देशमुख आदि ने भी अपने व अपने परिजनों के जन्मदिन पर पौधरोपण किए। कार्यक्रम में पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे। श्री ताम्रकार के पुत्र अरविंद ताम्रकार , राजूलाल ताम्रकार, मनोज ताम्रकार, शैलेष ताम्रकार व परिजनों ने संकल्प लिया कि वे अपने पिता की जितनी आयु है उतने पौधे रोपित करेंगे।



### आज पर्यावरण संरक्षण जरूरी- ताम्रध्वज

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आज के समय में ऐसे मुहिम की जरूरत है शंकरलाल ताम्रकार ने हितवा संगवारी के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण के लिए अनुकरणीय पहल किया है। उन्होंने हितवा संगवारी संस्था के पर्यावरण संरक्षण के कार्यों की सराहना की। रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि ऐसे प्रयासों से धरती को हम सब हराभरा बना सकते है। शंकरलाल ताम्रकार ने कहा कि यह उनके जीवन का यादगार पल है यह मुहिम निरंतर जारी रहे।

### मुहिम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मौजूद लोगों को पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व जनपद सदस्य भीषम हिरवानी, वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र ठाकुर, कमलनरायण रूंगटा, मंगलमदास मंगलम , तेजबहादुर बंछोर, प्रेमलता साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़ ने भी संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा जन्मदिन का आयोजन अविष्मरणीय है। इस दौरान छत्तीसगढ़ी लोक गायक खुमान सिंह यादव ने पर्यावरण जागरूकता गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विशेष योगदान के लिए रोमशंकर यादव, राजेश चंद्राकर, प्रेमनारायण वर्मा, विश्व कुमार साहू, ज्ञानप्रकाश साहू, हरीश साहू, निखलेश वर्मा, महेन्द्र देवांगन एवं महिला समूह को पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन अरविंद ताम्रकार ने किया। इस दौरान पार्षद द्वय खिलेन्द्र चंद्राकर व रोहित धनकर, सौरभ ताम्रकार, अखिलेश मिश्रा, संतोष देवांगन, अखिलेश अग्रवाल , अविनाश साहू, सुदर्शन महलवार , संतोष वर्मा, मूलचंद जैन , अरविंद सुराना, आशीष मढ़रिया, भागवत गिरी गोस्वामी ,ओमप्रकाश साहू, पवन यादव, बालूराम वर्मा ,खेमराज चंद्राकर विद्यापीठ बीएड कालेज के छात्र -छात्राओं एवं फैकल्टी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर 19 कूच बेहार ट्रॉफी में वेदांश के शानदार 82 नाबाद रन



**रायपुर।** बीसीसीआई की ओर से मेंस अंडर 19 कूच बेहार ट्रॉफी 16 नवंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा चार दिवसीय मैच (23-26 नवंबर) सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश अंडर-19 टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन उत्तर प्रदेश अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 77 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 180 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से वेदांश खेड़िया ने शानदार 82 नाबाद रन बनाये, उनके अतिरिक्त फैज खान ने 28 रन तथा शिवम यादव ने 21 रन बनायें। उत्तर प्रदेश टीम की ओर से अयान अकरम ने 4 विकेट एवं आदित्य कुमार सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किए। पहले दिन की समाप्ति तक उत्तर प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 11 ओवरों में 1 विकेट खोकर 41 रन बना लिये हैं। पहले दिन की समाप्ति तक उत्तर प्रदेश 139 रनों से पीछे है।

### नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए स्टेट ट्रायल दिया खिलाड़ियों ने



**रायपुर।** 49वीं जूनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एसोसियेशन की ओर से रविवार को सप्रे स्कूल वॉलीबॉल मैदान में चयन ट्रायल आयोजित किया गया। ट्रायल में राज्य के विभिन्न जिलों से आए लगभग 300 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन चयन ट्रायल्स में 1 जनवरी 2008 के बाद जन्मे खिलाड़ियों को शामिल किया गया था। चयन समिति द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों वर्गों से 20–20 खिलाड़ियों का प्रारंभिक चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर ज्वांगा एजुकेशन हब, दंतेवाड़ा में लगाया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर पूर्ण होने के पश्चात दोनों वर्गों से 12–12 खिलाड़ियों की अंतिम टीम तैयार की जाएगी, जो 16 से 21 दिसंबर तक झुंझुनू (राजस्थान) में आयोजित होने वाली 49वीं जूनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### अंडर-14 के ज्यादातर मैच हुए ड्रॉ



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-14 दो दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन ने रायगढ़ के विरुद्ध एक पारी एवं 59 रन से जीत हासिल कर 7अंक प्राप्त किए। राजनांदगांव में टीम रायपुर ने बिलासपुर के विरुद्ध 9 विकेट से जीत हासिल कर छह अंक प्राप्त किए। धमतरी में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध जशपुर का परिणाम ड्रॉ रहा। पहली पारी की बढ़त के आधार पर रायपुर ब्लू को तीन अंक मिले एवं जशपुर को एक अंक मिला। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध राजनंदगांव का परिणाम ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढ़त के आधार पर प्लेट कंबाइंड को तीन अंक मिले। राजनांदगांव को एक अंक मिले। सेमी फाइनल मैच 25 एवं 26 नवम्बर को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन एवं प्लेट कंबाइंड के मध्य खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल मैच राजनांदगांव में रायपुर एवं रायपुर ब्लू के मध्य खेला जाएगा।

### बॉल बैडमिंटन की जूनियर टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**भिलाई।** 25वी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 21 से 23 नवम्बर तक बलौदाबाजार के पलारी में आयोजित हो रही है। जिसमे बिलासपुर जिले की बॉल बैडमिंटन टीमें ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बिलासपुर बालक टीम ने पहला मैच में पूर्व चैंपियन दुर्ग जिला को 35-18, और 35-18 से लगातार दो सेटों में हराकर पहला मुकाबला जीता, दूसरे मुकाबले में बालक टीम ने बेमेतरा जिला को 35-13 और 35-24 से हराया, तीसरे मैच मे कबीरधाम को 35-28 और 35-32 से हराया। बालिका टीम ने पहले मैच मे रायगढ़ को 35-24 और 35-18 से हराया, और दूसरे मैच मे बालिका टीम ने गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला को, 35-08 और 35-16 हराया, और तीसरे मैच मे बस्तर को 35-31 और 35- 33 से हराया, चौथे लीग मैच में गरियाबंद को 35-11 और 35-23 से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किये। जिला से बालिका मे नैसी तिर्की, अलीना, तानिया ने शानदार प्रदर्शन किया, वही बालक वर्ग मे लियान, दीपांश, किशन आयुष ने शानदार प्रदर्शन किया।

डाक्टर की सलाह लें और अपने खानपान पर दें विशेष ध्यान

# रिपोर्ट में आ गया है फैटी लिवर तो तुरंत शुरू कर दें ये उपाय, जल्द दूर कर सकते हैं अपनी यह समस्या

हमारे शरीर के सबसे जरूरी ऑर्गन्स में से एक लिवर माना जा सकता है। लिवर के साथ दिक्कत यह होती है कि एक बार इसमें कुछ गड़बड़ी शुरू हो गई, तो शरीर के कई अन्य फंक्शन्स में भी दिक्कत होने लगेगी। लिवर की कोई भी बीमारी अगर शुरू हो रही है, तो उसके पहले आपका शरीर आपको धीरे-धीरे संकेत देने लगेगा। लिवर शरीर के ऐसे हिस्से में मौजूद होता है जहां जरा सी भी जलन या दर्द आपके पेट, आंतों और दाहिनी तरफ के हिस्से पर असर डाल सकती है।

लिवर का सबसे जरूरी फंक्शन होता है हमारे शरीर में बाइल जूस को बनाना जिससे न्यूट्रिएंट्स जैसे फैट्स और विटामिन ठीक तरह से डाइजेस्ट हो सकें। अगर यही काम किसी वजह से अटकता है, तो फैटी लिवर डिजीज हो जाती है। इसके बारे में फोर्टिस हॉस्पिटल आनंदपुर (कोलकाता) के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के असोसिएट कंसल्टेंट डॉक्टर तुहिन मित्रा ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सबसे कॉमन लिवर डिजीज है जिस पर अगर ध्यान ना दिया गया, तो आगे चलकर यह बहुत सीरियस हेल्थ कंडीशन बन जाती है।



### क्या है फैटी लिवर?

यह नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज है। जैसा कि नाम है यह बिल्कुल वैसा ही है कि लिवर के इर्द-गिर्द फैट्स बहुत जम जाते हैं। इसके कारण बाइल जूस ठीक से नहीं बन पाता और आपके लिवर को एक्स्ट्रा काम करना पड़ता है। इस हेल्थ कंडीशन से अधिकतर लोग परेशान हैं।

### क्यों होता है फैटी लिवर?

फैटी लिवर होने का सबसे अहम कारण है अल्कोहल का सेवन। जो लोग ज्यादा अल्कोहल पीते हैं उनका लिवर इस समस्या से ज्यादा परेशान हो सकता है। कुछ मामलों में यह तम्बाकू और अनडाइल्यूटेड स्पिरिट्स या दवाओं के कारण भी हो सकता है। इसके साथ ही, यह बीमारी ऐसे लोगों को भी हो सकती है जो अल्कोहल नहीं लेते और इस केस को नॉन एल्कोहलिक पैटी लिवर डिजीस (एनएएफएलडी) कहा जाता है। यह इन्फेक्शन, जेनेटिक्स, टाइप 2 डायबिटीज, ओवरवेट, एक्स्ट्रा फैट आदि बहुत सी चीजों के कारण हो सकती है। कई बार ट्राइग्लिसराइड्स जैसी समस्या के कारण लिवर फैट बढ़ जाता है।



अगर यह अल्कोहल की वजह से नहीं है, तो लिवर को मूलभूत कोई नुकसान ना हुआ हो ऐसा मुमकिन है। इस मामले में लिवर की सूजन और अन्य तरह का डैमेज तब शुरू होता है जब फैटी लिवर को कम करने के लिए कुछ नहीं किया जाता। इस कंडीशन को नॉन एल्कोलिक स्टीयटो हेपेटाइटिस (एनएएसएच) कहा जाता है।

### फैटी लिवर से डील करने के तरीके

डॉक्टर तुहिन मित्रा के मुताबिक, अगर फैटी लिवर परेशान कर रहा है, तो लाइफस्टाइल को बदलना बहुत



जरूरी है। ऐसे में आपको सही मात्रा में खाना-पीना करना होगा। अपने वजन का ध्यान रखना होगा, बहुत ज्यादा अल्कोहल पीना बंद करना होगा।

ऐसे मामले में सबसे पहले आपको अपना वजन कम करने की जरूरत है। अगर किसी को फैटी लिवर की समस्या है, तो उसे कम से कम 7% बॉडी वेट कम करना होगा। इस वेट लॉस और एक्टिविटी का असर शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा फैट्स पर होगा जिससे लिवर की समस्या ठीक होने लगेगी। अगर कोई और बीमारी है जिसकी वजह से वेट लॉस मुमकिन नहीं है, तो आप एक बार किसी डाइटीशियन से भी कंसल्ट करें जो आपको सही फिटनेस रिजीम बनाकर दे।

### फैटी लिवर होने पर खाएं इस तरह के फूड्स

आपको अपनी डाइट में फ्रूट्स और सब्जियों को शामिल करना होगा। इसमें खासतौर पर हरी पत्तेदार सब्जियां खाना जरूरी है। हाई फाइबर फूड्स जैसे दाल, ओटमील, नट्स आदि बहुत जरूरी है।

## राज्य के दिव्यांग तैराकों ने राष्ट्रीय स्पर्धा हैदराबाद में जीते 11 पदक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के दिव्यांग तैराकों ने राष्ट्रीय स्पर्धा कुल 11 पदक जीते। जिसमें 03 स्वर्ण, 06 रजत एवं 02 कांस्य पदक लेकर छत्तीसगढ़ के दिव्यांग तैराकों ने अपना कौशल दिखाया। 25 वीं राष्ट्रीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता 15 से 18 नवंबर तक भारतीय खेल प्राधिकरण तरण ताल हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित की गई थी।

स्पर्धा में राज्य के दिव्यांग तैराकी दल में 19 पुरुष तैराक 05 महिला तैराक एवं 02 कोच 02 मैनेजर व तैराकों के सहयोगी 05 कुल 33 सदस्य शामिल हुए । दिव्यांग तैराकों ने इस स्पर्धा में अपना भाग्य आजमा कर छत्तीसगढ़ राज्य का तैराकी के क्षेत्र में झंडा ऊंचा रखते हुए राज्य को गौरांवित किया।

पुरुष वर्ग में सीनियर में रोहित कुमार गोंड जीपीएम ने 02 स्वर्ण एवं 01 रजत पदक, परमानंद कोसले बिलासपुर ने 02 रजत पदक, जंतराम पनिका जीपीएम ने 01 कांस्य पदक, जूनियर वर्ग में सतेंद्र राम जशपुर ने 01 रजत पदक, सब जूनियर वर्ग में अभिनव राज रायपुर ने 01 स्वर्ण और 02 रजत पदक जीते। वहीं महिला वर्ग में मोहनी मरावी जीपीएम ने 01 कांस्य पदक जीते। इस प्रकार प्रदेश के दिव्यांग तैराकों ने 03 स्वर्ण पदक, 06 रजत पदक और 02 कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक पदक प्राप्त किए। प्रदेश दिव्यांग तैराकी दल की कोच दुर्गा यादव वीर हनुमान सिंह अवॉर्डी पुरुष वर्ग कोच गणेश राम, मैनेजर गोपाल यादव थे।प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने पर अमरजीत छाबड़ा अध्यक्ष , प्रशांत रघुवंशी उपाध्यक्ष, डीकेश टंडन महासचिव पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन, तिलकेश आदि ने बधाई दी है।

## अब बिना घिसे ऐसे साफ होगी जली हुई कड़ाही, बस इन चीजों का करें इस्तेमाल



कढ़ाही का इस्तेमाल हम सभी करते हैं। कढ़ाही में रोजाना खाना बनने के कारण यह काफी ज्यादा गंदा हो जाता है। वहीं लापरवाही के चलते कई बार हमारी कड़ाही जल भी जाती हैं। कई लोग जले हुए कड़ाही पर तब तक ध्यान नहीं देते हैं, जब तक यह देखने में गंदा ना लगने लगें। अगर आप भी कड़ाही की सफाई समय- समय पर नहीं करती हैं तो यह देखने में काफी गंदा लगने लगता है। आप चाहे तो कुछ आसान टिप्स की मदद से जली हुई कढ़ाही को भी मिनटों में चमका सकती हैं। इसे चमकाने के लिए आपको केवल 3 चीजों की जरूरत होगी।

### खपरैल से करें कड़ाही की सफाई

खपरैल की मदद से आप अपने जले हुए कड़ाही की सफाई मिनटों में कर सकती हैं। इसके लिए आपको केवल बालू लेना होगा। पहले बालू को कड़ाही पर लगाएं और फिर खपरैल की मदद से कड़ाही की सफाई करें। ऐसा करने पर आपका कड़ाही साफ हो जाएगा।

### राख से करें कड़ाही की सफाई

जले हुए लकड़ी जिसे आम भाषा में राख कहा जाता है इसकी मदद से भी आप चाहे तो कड़ाही की सफाई कर सकती हैं। राख की मदद से कड़ाही की सफाई मिनटों में हो जाती हैं। अगर आपका कड़ाही काफी ज्यादा जल गया है तो आपको अपने कड़ाही को राख की मदद से साफ करना चाहिए। खपरैल लें और फिर राख लगाएं ऐसे में आपका कड़ाही मिनटों में साफ हो जाएगा।

### सैंड पेपर से करें कड़ाही की सफाई

सैंड पेपर की मदद से आप चाहे तो कड़ाही की सफाई मिनटों में कर सकती हैं। सैंड पेपर का इस्तेमाल केवल घर की सफाई के लिए ही नहीं बल्कि कड़ाही की सफाई के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि आपको ज्यादा जोड़ लगाकर सैंड पेपर से कड़ाही की सफाई नहीं करना चाहिए। इससे आपका कड़ाही खराब हो सकता है।



## द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के मुकाबले अंतिम चरण में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति की ओर से रविवारको सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में जारी द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40), पुरुष एकल (आयु वर्ग 50), पुरुष एकल (आयु वर्ग 60), पुरुष एकल (आयु वर्ग 65), पुरुष एकल (आयु वर्ग 70), पुरुष एकल (आयु वर्ग 75) एवं महिला एकल (आयु वर्ग 40), महिला एकल (आयु वर्ग 60) के अंतिम दौर के सुपर लीग के मुकाबले खेले जा रहे हैं।

उक्त प्रतियोगिता के सम्बन्ध में आयोजन सचिव प्रदीप जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सब एरिया के सेना मेडल, कमांडर ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा थे। अध्यक्षता रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा ने की तथा विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला थे। मंच पर श्रीमती कुक्की बावा, छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति के चेयरमेन प्रदीप जनवदे, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव प्रदीप जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव विमल नायर ने किया। प्रतियोगिता में सभी वर्गों के सुपर लीग के मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें इन पंक्तियों के लिखे जाने तक मैचों के अंतिम परिणाम निम्नानुसार है:-

**पुरुष एकल (आयु वर्ग 40):-** ए. संतोष (दुर्ग), शैलेश डागा (रायपुर), शिरीष देव (रायपुर), रजनीश ओबेराय (दुर्ग),



चिरंजीत राय (रायपुर महानगर), दीपक वर्मा (रायपुर), मंधार कुलकर्णी (रायपुर), निशांत क़ानूगा (रायपुर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें ए. संतोष (दुर्ग), शैलेश डागा (रायपुर), रजनीश ओबेराय (दुर्ग) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं ।

**पुरुष एकल (आयु वर्ग 50):-** विनय बैसवाड़े (रायपुर), राजेश अग्रवाल (रायपुर), डी. साईं कृष्णा (बिलासपुर), राजशेखर शर्मा (रायपुर महानगर), प्रमोद शार्दुल (धमतरी), राकेश यादव (रायपुर महानगर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें विनय बैसवाड़े (रायपुर), राजशेखर शर्मा (रायपुर महानगर), राजेश अग्रवाल (रायपुर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं।

**पुरुष एकल (आयु वर्ग 60):-** हनी अरोरा (बिलासपुर), पवन सादीजा (रायपुर), अरविन्द कुमार शर्मा (रायपुर महानगर), किशोर जादवानी (रायपुर), संजय लहेजा (बिलासपुर), एल.एस. साहू (दुर्ग), गिरिराज बागड़ी (रायपुर), योगेश प्रधान (रायपुर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें संजय लहेजा (बिलासपुर), गिरिराज बागड़ी (रायपुर), योगेश प्रधान (रायपुर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं।

**पुरुष एकल (आयु वर्ग 65):-** पी.एन. मजुमदार (कोरिया), के. रविशंकर (बिलासपुर), हरीश पांडे (रायपुर), अजीता बेनर्जी (रायपुर), आर.एन. केलकर (दुर्ग), दिलीप जैन (धमतरी) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें पी.एन. मजुमदार (कोरिया), के. रविशंकर (बिलासपुर), हरीश पांडे (रायपुर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं।

**पुरुष एकल (आयु वर्ग 70):-** सुरजीत सेनगुप्ता (बिलासपुर), प्रदीप जनवदे (रायपुर), के.बी. सिंह (रायपुर), विनोद पटेरिया (रायपुर), एम.आर. निरापुरे (रायपुर महानगर), टी.के. डे (बिलासपुर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें सुरजीत सेनगुप्ता (बिलासपुर), प्रदीप जनवदे (रायपुर), के.बी. सिंह (रायपुर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। पुरुष एकल (आयु वर्ग 75):- डा. भरत अग्रवाल ( खैरागढ़), एच.डी. चौधरी (खैरागढ़), प्रदीप सूद (दुर्ग), ए.बी. पुरंग (दुर्ग), एम.सी. जैन (दुर्ग), अरुण पटेल (धमतरी) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें डा. भरत अग्रवाल (खैरागढ़), ए.बी. पुरंग (दुर्ग), अरुण पटेल (धमतरी) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं।

कार्नर न्यूज

इस मौसम में सब्जियों का भरपूर करें इस्तेमाल

# पाचन-शुगर लेवल को ठीक रखेगी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर सब्जियां, सेहत पर दिखने लगेगा असर

सर्दियों का ये मौसम अपने साथ कई प्रकार की सब्जियां और फलों को लेकर आता है जिन्हें संपूर्ण सेहत के लिए विशेष लाभकारी माना जाता है। इस मौसम में मिलने वाली हरी मटर ऐसी ही बेहद फायदेमंद सब्जी है जिसके सेवन के कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं। एंटीऑक्सीडेंट सहित कई प्रकार के पोषक तत्वों से भरपूर हरी मटर का सेवन आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में भी लाभकारी हो सकती है। मटर, फलियों के समूह वाली सब्जी है। इसमें विटामिन, खनिज, एंटीऑक्सीडेंट और फाइटोन्यूट्रिएंट्स जैसे शरीर के लिए अति लाभकारी तत्व मौजूद होते हैं, जो आपकी आंखों से लेकर पाचन और ब्लड शुगर जैसी समस्या को कंट्रोल करने में भी मददगार हो सकती है।

कई पोषक तत्वों से भरपूर है मटर

हरा मटर कई विटामिन्स, प्रोटीन और फाइबर जैसे मैक्रोन्यूट्रिएंट्स का अच्छा स्त्रोत है। प्रति 100 ग्राम मटर के सेवन से 4 ग्राम फाइबर, मैग्नीशियम की दैनिक आवश्यकताओं का 18 प्रतिशत, विटामिन के का 17, विटामिन सी का 12.6 फीसदी प्राप्त किया जा सकता है। ये सभी पोषक तत्व शरीर




को बेहतर तरीक से काम करने में सहायक हैं और आपको कई प्रकार की बीमारियों से बचाने में भी मदद करते हैं।

### आंखों की बीमारियों से मिलती है सुरक्षा

मटर में कैरोटीनॉयड, ल्यूटिन और जेक्सैंथिन जैसे तत्व होते हैं, ये आपकी आंखों को मोतियाबिंद और उम्र से संबंधित होने वाली डिजनरेशन जैसी बीमारियों से बचाने में सहायक हैं। ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन हानिकारक नीली रोशनी से फिल्टर के रूप में कार्य करते हैं, ऐसे में अगर आप मटर का सेवन करते हैं तो आंखों को स्वस्थ रखने में ये काफी लाभकारी हो सकती है।

### पाचन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

मटर में कूमेस्ट्रोल नामक पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होता है जो पेट की बीमारियों यहां तक कि कैंसर से बचाने में भी भूमिका निभाता है। 2009 में मेक्सिको सिटी में किए गए एक अध्ययन से पता चला कि मटर और अन्य सब्जियों के दैनिक सेवन से पेट के कैंसर का खतरा 50% कम हो सकता है। इसके अलावा मटर में फाइबर भी उच्च मात्रा में पाया जाता है, जो पाचन को ठीक रखने और कब्ज जैसी दिक्कतों को कम करने के लिए जरूरी है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'ब्लैक पैंथर' फेम दिवंगत चैडविक को मिला हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम



दिवंगत हॉलीवुड स्टार चैडविक बोसमैन, जिन्हें ब्लैक पैंथर के किरदार के लिए जाना जाता है। अभिनेता को मरणोपरांत लॉस एंजिल्स में एक समारोह के दौरान हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित किया गया। इस समारोह में दिवंगत एक्टर की पत्नी सिमोन लेडवर्ड भावुक दिखीं। इस दौरान अभिनेता के परिवार वाले और कुछ करीबी लोग भी शामिल रहे। साल 2020 में अभिनेता चैडविक बोसमैन ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। समारोह में दिवंगत एक्टर को 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' का खिताब मिला। इस खास अवसर पर अभिनेता की पत्नी सिमोन लेडवर्ड मौजूद थीं और दिवंगत पति को सम्मान मिलता देख भावुक दिखीं। सिमोन ने चैडविक बोसमैन के जूते उनके स्टार पर रखे, जो प्रतीकात्मक रूप से उनकी स्थायी उपस्थिति का प्रतीक था। सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन ने अपने दिवंगत पति के बार बात की। उन्होंने कहा, 'चैडविक ने हम सभी को बहुत कुछ सिखाया। उनका हृदय इतना विशाल था कि वे प्रत्येक व्यक्ति को अपना एक खास अंश दे सकते थे और दुनिया के साथ साझा करने के लिए उनके पास अभी भी बहुत कुछ बचा है।' आगे उन्होंने कहा, 'हम आपके कौशल और आपकी निष्ठा को पहचानते हैं, और हम एक हीरो और एक आदर्श के रूप में आपकी विरासत को प्रस्तुत करते हैं। आपने सम्मान के साथ जीवन जिया और सच्चाई के मार्ग पर चले। आप जितने सुंदर थे, उतने ही प्रतिभाशाली भी थे। साथ ही जितने दयालु थे, उतने ही साहसी भी। हम आपसे प्यार करते हैं। हमें आपकी याद आती है। हम आपका धन्यवाद करते हैं।'

### टॉलीवुड

## स्त्री शक्ति पर रश्मिका मंदाना ने लिखी क्रिप्टिक पोस्ट, फैंस के बीच हुई वायरल



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उन्होंने इंस्टाग्राम पर 'स्त्री ऊर्जा' यानी फेमिनिन एनर्जी के बारे में एक लंबी पोस्ट लिखी है। पोस्ट में उन्होंने बताया है कि असली स्त्री ऊर्जा क्या होती है। रश्मिका ने बताया है कि अगर कोई महिला अपने अंदर की आवाज से जुड़ जाती है, तो उसके अंदर कई बदलाव आते हैं। फैंस इसे गंभीरता से पढ़ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में रश्मिका ने लिखा 'स्त्री ऊर्जा में एक खास जादू होता है। जब आप खुद से जुड़ जाती हैं, तो आप चीजों को साफ-साफ देखने लगती हैं। लोगों को पहचान जाती हैं और स्थितियों को पहले से समझ जाती हैं। कई बार आपको लगता है कि कुछ गलत होने वाला है। आपका मन आपको सावधान करता है। हालांकि हम उसे नजरअंदाज कर देते हैं क्योंकि जिंदगी बहुत जटिल है।' रश्मिका ने आगे लिखा 'महिलाएं जब एक-दसरे को सहारा देती हैं और सिर्फ यह कहती हैं कि मैं तुम्हारे साथ हूं, तो एक अलग जादू होता है। उस कोमलता में बहुत ताकत होती है। स्त्री शक्ति कमजोर नहीं है। हां यह कोमल जरूर है लेकिन यह मजबूत है और प्यार से भरी हुई है। जब महिलाएं इस तरह की ऊर्जा के साथ एकजुट होती हैं तो उन्हें कोई रोक नहीं सकता।' रश्मिका ने आखिर में लिखा 'मैं देख रही हूं कि आप में से बहुत सी महिलाओं में यह शक्ति है। जिन्हें अभी तक इसके बारे में समझ नहीं है वह जल्द ही इसके बारे में समझेंगी और इसे महसूस करेंगी। जल्द ही इसे पा लेंगी और मजबूत स्त्री ऊर्जा बन जाएंगी।'

### बॉलीवुड

## चिकित्सा सेवाओं के बाजारीकरण के विरुद्ध समाज में जागरूकता बढ़ाएगी 'मानव मार्केट'



इस्पात नगरी भिलाई के जाने-माने रंगकर्मी और फिल्मकार गुलाम हैदर मंसूरी की बहुप्रतीक्षित हिंदी फिल्म 'मानव मार्केट' रिलीज के लिए तैयार है। इसका टीजर रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। अब एक दिसंबर को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने जा रहा है, वहीं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में फिल्म की रिलीज 19 दिसंबर 2025 को रखी गई है। यह फिल्म चिकित्सा सेवाओं के बाजारीकरण के विरुद्ध जन जागरूकता के मकसद से बनाई गई है। 'मानव मार्केट' के निर्माता गण कैलाश चंद्र अग्रवाल और निम्मी रोशन सावने बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में एक संवेदनशील मुद्दे को लेकर फिल्म बनाने का प्रयास किया गया है क्योंकि यह एक ऐसा विषय है, जिससे समाज का हर वर्ग प्रभावित है। निर्मातागण का कहना है कि चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में जिस तरह एक तबका लूट पर उतारू है, उसके विरुद्ध आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से यह फिल्म बनाई गई है। निर्माता कैलाश चंद्र अग्रवाल ने बताया कोरोना काल में वह स्वयं भी चिकित्सा पेशे के बाजारीकरण के भुक्तभोगी रहे हैं और उनका मकसद है कि इस लूटपाट पर रोक लगनी चाहिए। निर्देशक गुलाम हैदर मंसूरी ने बताया कि 'मानव मार्केट' बनाने का मकसद सिर्फ यही है कि हम सभी समाज में बढ़ती बाजारवाद की सोच के खिलाफ एकजुट और जागरूक रहें। जिससे स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं का लाभ समाज के हर तबके को बराबर मिले। फिल्म में ओम त्रिपाठी, नेहा शुक्ला, बाली कुर्रे, योगेश अग्रवाल, सुरेश गोंडाले, प्रिया शर्मा, हर्षा सहारे, आरुषि पॉल, विनायक अग्रवाल, मुस्कान खान, शहाना परवीन, अनूप रे, देवेंद्र मोयल, मनोज शर्मा और हनी शर्मा ने मुख्य भूमिकाएं निभाई है।

लाइफ स्टाइल



लेस का ट्रेंड

ज़िमरमैन, डायर और क्लोएडोमिनिक चारिआउ जैसी मॉडल की वजह से लेस का फैशन ट्रेंड में है। लेस के डिजाइन फैशन जगत के पसंदीदा फॉल 2025 कलेक्शन में छाए हुए है। जो ग्लैमर का एक रोमांटिक एहसास जगा रहे थे। यहां डिजाइनर क्लोए, डायर, फेंडी, सेंट लॉरेंट, ज़िमरमैन, मैक्वीन, चैनल और स्टेला मेकार्टनी ने कई रंगों में विंटेज-प्रेरित लेस का इस्तेमाल किया, जिनमें से ज़्यादातर सफ़ेद और काले रंग में थे।

## स्किन केयर रूटीन में विटामिन ए को शामिल करने से मिलेंगे फायदे

जब भी स्किन केयर की बात होती है तो अक्सर हम अपने ब्यूटी रूटीन में विटामिन ई और सी को शामिल करना पसंद करते हैं। यकीनन इन दोनों विटामिन से आपकी स्किन को बहुत अधिक लाभ मिलता है, लेकिन सिर्फ और सिर्फ इनसे ही आप ग्लोइंग स्किन नहीं पा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप विटामिन ए भी लें।

अगर आप विटामिन ए रिच फूड्स लेते हैं या फिर उसे अपने स्किन केयर (स्किन केयर टिप्स) रूटीन में शामिल करते हैं तो इससे आपकी स्किन पर जल्द एजिंग साइन्स नजर नहीं आते हैं। दरअसल, इन फूड्स में बीटा कैरोटीन और प्रोविटामिन ए कैरोटीनॉयड होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से होने वाले डैमेज को दूर करते हैं। इससे स्किन पर फाइन लाइन्स और रिंकल्स जल्द नजर नहीं आते हैं और आपकी स्किन लंबे समय तक यंगर नजर आती है। यूवी किरणों के संपर्क में आने से हाइपरपिग्मेंटेशन (हाइपरपिग्मेंटेशन उपाय) और दाग-धब्बे हो सकते हैं। लेकिन अगर आप पर्याप्त मात्रा में विटामिन ए का सेवन करते हैं तो इससे स्किन को यूवी किरणों से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद कर सकता है। यह इस डैमेज को रिवर्स करता है और स्किन को सनबर्न और पिग्मेंटेशन से बचाता है।

### मिलती है इवन टोन और ग्लोइंग स्किन

विटामिन ए को स्किन केयर रूटीन में शामिल करने का एक फायदा यह होता है कि इससे आपकी स्किन इवन टोन और ग्लोइंग नजर आती है। दरअसल, विटामिन ए पिगमेंटेशन को कम करती है और स्किन में एक चमक आती है। इतना ही नहीं, विटामिन ए क्रीम में मौजूद रेटिनोइड्स मेलेनिन का उत्पादन करने वाले एंजाइम के ब्लॉकर्स के रूप में काम करते हैं। इससे आपकी स्किन अधिक इवन टोन नजर आती है।



## शादी में पहनना चाहती हैं साड़ी तो इन डिजाइन से लें प्रेरणा



शादी के दिन सुंदर दिखने का सपना तो हर लड़की देखती है। इसी के चलते अपनी शादी तय होने से पहले ही वो सोच के रखती हैं, कि उन्हें कैसा मेकअप कराना है, कैसी ज्वेलरी पहननी है और कैसा उनका शादी का जोड़ा होना चाहिए।





सबसे ज्यादा सोच विचार शादी में पहनने वाले लहंगे के लिए किया जाता है क्योंकि एक तो वो काफी महंगा आता है। दूसरा शादी का लहंगा इतना हैवी होता है कि उसे ज्यादा पहना नहीं जाता। ऐसे में बहुत सी लड़कियां अपनी शादी में लहंगे को छोड़कर साड़ी को पसंद कर रहीं हैं। दरअसल, ये ट्रेंड बॉलीवुड अभिनेत्रियों को देखते हुए दोबारा चलन में आ रहा है। बीते कुछ समय में कई अभिनेत्रियों ने अपनी शादी में लहंगे को साइड करके साड़ी को प्राथमिकता दी है। साड़ी भी पारंपरिक भारतीय परिधान है, ऐसे में ये पहनकर दुल्हन और ज्यादा खूबसूरत लगती हैं। अगर आप भी ऐसा कुछ सोच रहीं हैं तो ये लेख आपके लिए है। हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिन्होंने अपनी शादी के दिन साड़ी पहनी थी। उनसे टिप्स लेकर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।

### चटक लाल रंग से दूर

अगर आप अपनी शादी में चटक लाल रंग से दूर रहना चाहती हैं तो आलिया का ये लुक आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। आलिया भट्ट की वेडिंग साड़ी पर आइवरी शेड की हल्की सी साड़ी, जिस पर गोल्डन मोटिफ्स वर्क था। सब्यसाची की इस साड़ी में आलिया दुल्हन बनीं बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को पूरा करने के लिए हैवी ज्वेलरी का चयन किया था।

### हैवी लहंगा हो जाएगा दूर

राजकुमार राव के साथ सात फेरे लेने वालीं अभिनेत्री पत्रलेखा ने अपनी शादी में हैवी लहंगे को साइड करके एक लाल सुर्ख रंग की साड़ी को चुना। इसके साथ उन्होंने मैचिंग चुनरी भी कैरी की थी। आप भी चाहें तो पत्रलेखा की तरह लाल रंग की साड़ी अपनी शादी में पहन सकती हैं।

## पसंद है क्रू कट हेयर स्टाइल तो इसके भी हैं कई पैटर्न, देखिए और अपने लिए चुनिए

क्रू कट हेयर स्टाइल आपने कभी न कभी जरूर आजमाया होगा। आपने नहीं तो आपके दोस्तों ने तो जरूर इसे कराया ही होगा। लेकिन इस कट के भी कई स्टाइल होते हैं।

इन स्टाइल को आप अपने स्टाइल के साथ मैच कर सकते हैं। ताकि आपका लुक अब तक का बेस्ट लुक बन जाए। लेकिन इससे पहले क्रू कट हेयर स्टाइल क्या होता है? ये जान लेते हैं क्योंकि कई बार हम हेयर स्टाइल करा तो लेते हैं लेकिन हमें उसका नाम पता ही नहीं होता है। क्रू कट को कई बार बज कट भी कहा जाता है। लेकिन दोनों में भी थोड़ा अंतर होता है। दरअसल क्रू कट हेयरस्टाइल में पीछे और साइड से बालों को बहुत हल्का कर दिया जाता है। इसमें ऊपर की ओर ज्यादा बाल छोड़े जाते हैं। ये तो इसका बेसिक स्टाइल है ही लेकिन इसमें भी काफी स्टाइल मिल जाते हैं। ऐसा ही एक स्टाइल है क्रू कट फेड । इस क्रू कट फेड को बेसिक स्टाइल के बेहद करीब पाया जाता है। इसमें ऊपर के बाल तो बड़े होते ही हैं, किनारे के बाल बिलकुल बारीक कर दिए जाते हैं। ब्रेड पिट और डेविड बैखम भी सी लुक को अपना चुके हैं। हाई फेड क्रू कट इस कट में किनारे के बाल तो छोटे होते हैं लेकिन ये काफी ऊपर तक छोटे किए जाते हैं। फोरहेड तक इन्हें छोटा कर दिया जाता है। मतलब सिर के ऊपर बहुत थोड़े बाल मिलते हैं। मिड फेड क्रू कट ये एक ऐसा क्रू कट है जो बालों की लंबाई और फेड दोनों को बैलेंस करता है। इसमें आपके टेम्पल और इयर के बीच से बालों को हल्का किया जाता है। इससे मॉडर्न लुक मिलता है।



## त्योहार-शादियों में पहनें लाल चूड़ियों का नया सेट

त्योहार-शादियों पर हम एथनिक लुक ही ज्यादा पसंद करते हैं और कोई भी एथनिक लुक बिना चूड़ियों के अधूरा सा लगता है। खासतौर पर यदि आप विवाहित हैं,तो त्योहारों पर लाल चूड़ियां पहनने का क्रेज तो आपको होगा ही। इसलिए आज हम आपको लाल चूड़ियों के कुछ सेट डिजाइंस दिखाएंगे, जो आप इन खास मौके पर कैरी कर सकती हैं।

### कुंदन और मोती वर्क वाली चूड़ियों

आजकल सिंपल चूड़ियों का फैशन है और इनके साथ हैवी और लाइटवेट कंगन पहन कर आप चूड़ी सेट को डिजाइनर लुक दे सकती हैं। रेड चूड़ियों की खासियत होती है कि आप इनके साथ किसी भी रंग की अन्य चूड़ियां कड़े आदि क्लब कर सकती हैं।

अगर आपको चमक-दमक पसंद है, तो आप मेटल के चौड़े गोल्डन कंगन खरीद सकते हैं। इसमें कटिंग डिजाइन वाले कंगन आजकल काफी ट्रेंड में हैं। इस तरह के कंगन यदि आप चूड़ियों के साथ पहनती हैं, तो बहुत ही एलिगेंट लुक आता है।

इसके अलावा आप लाल चूड़ियों के साथ कुंदन या फिर मोती वर्क वाले कंगन भी पहन सकती हैं। इसमें आपको बहुत सारी वैरायटी बाजार में मिल जाएंगी। यदि आप हैवी और लाइट दोनों तरह के कंगन को चूड़ियों के साथ सेट करना चाहती हैं तो आपको उन्हें भी मैचिंग का खरीदना चाहिए।



लाल चूडियों के साथ आप सफेद मोतियों वाले कड़े या फिर चूड़ियों को भी क्लब कर सकती हैं। लाल और सफेद का कॉम्बिनेशन बहुत ही अच्छा लगता है और एथनिक लुक देता है।

### लाल चूड़ियों के साथ गोल्डन स्टोन

लाल प्लेन कांच की चूड़ियों के साथ आप गोल्डन कलर की स्टोन वर्क वाली चूड़ियों भी पहन सकती हैं। इस तरह की चूड़ियां में आपको ढेरों वैरायटी मिल जाएंगी और लाल रंग की चूड़ियों के साथ यह बहुत अच्छी भी नजर आती हैं। गोल्डन स्टोन वाली चूड़ियों में आपको चौड़ी और पतली दोनों तरह के डिजाइंस मिल जाएंगे। आप इनके साथ प्लेन और वर्क वाली रेड चूड़ियों भी लगवा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### मेंस खुद की पसंद के बजाए देखने वालों की पसंद को दें तरजीह

## मेंस फैशन में लड़कियों की पसंद को भी रखें ध्यान में, आपका ड्रेसिंग स्टाइल देता है लोगों का अट्रैक्शन

कई बार पुरुष सिर्फ वो कपड़े पहन लेना चाहते हैं जो उन्हें आराम दें। इस वक्त वो लुक्स के बारे में सोचते ही नहीं हैं। लेकिन हर बार ये सोच सही नहीं रहती है।इस सोच के साथ लड़कियां आपको पसंद नहीं करेंगी। मतलब हर बार आराम या मन को सुकून देने वाले कपड़े पहनना जरूरी नहीं होता है। ऐसे कपड़े तो बिल्कुल नहीं पहनने होते हैं जो आमतौर पर लड़कियों को नहीं भाते हैं। किस तरह के कपड़े लड़कियों को लड़कों पर बिल्कुल अच्छे नहीं लगते हैं। कपड़ों का कौन सा स्टाइल लड़कियों को लड़कों पर नहीं भाता है, जानते हैं-

### फंकी सूट्स

सूट तो पुरुषों पर लड़कियों को अच्छे लगते हैं लेकिन हर तरह के सूट अच्छे लगें, ये जरूरी नहीं है। खासतौर पर फंकी स्टाइल के चटख रंगों वाले सूट लड़कियों को बिल्कुल नहीं भाते हैं। इसलिए डेट पर जाएं तो इन सूट को बिल्कुल पहन कर ना जाएं। साथ ही जो सूट पहनें, उनकी फिटिंग अच्छी रखें।





### लो वेस्ट जींस

लो वेस्ट जींस का भले ही फैशन हो लेकिन बहुत ज्यादा लो वेस्ट जींस पुरुषों पर अच्छी नहीं लगती है। लड़कियों को ये ज्यादा स्किन शो वाला काम लगता है। स्मार्टनेस बिल्कुल नहीं आती हैं स्टाइल बिगड़ता है वो अलग।

### सेक्सी वनलाइनर टीशर्ट

टी-शर्ट पहनना अच्छा है लेकिन सेक्सी वनलाइनर वाली टीशर्ट को बिल्कुल नो कह दीजिए। क्योंकि ऐसे सेक्सी वनलाइनर के टीशर्ट पहनकर आपकी इमेज बिल्कुल खराब बन जाती है।लड़कियों को पुरुषों की ये ड्रेस पसंद नहीं आती है इसलिए इसे भी कम से कम डेट पर पहनकर बिल्कुल ना जाइए।

### कैप्री शॉर्ट

कैप्री शॉर्ट ऐसी ड्रेस है जो आमतौर पर पुरुष आराम के नजरिए से पहन लेते हैं। मगर यकीन मानिए, इसमें आपका लुक बिल्कुल अच्छा नहीं आता है। ये ड्रेस टीनएजर्स पर सही आती है लेकिन आप पर ये लड़कियों को अच्छा नहीं लगेगा।

### चमकदार बेल्ट

चमकदार बेल्ट से भी आपकी ड्रेसिंग खराब लग सकती हैं। लड़कियों को खासतौर पर चमकदार अलग से दिखने वाली बेल्ट अच्छी नहीं लगती हैं। ऐसी बेल्ट बिल्कुल न चुनें,जिनके बकल जरूरत से ज्याद बड़े हों। या जिनका कलर इतना ब्राइट हो कि दूर से ही नजर आ जाए।

